

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



स्किन को भारी हानि पहुंचा ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 06 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 105 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## बीजेपी का विपक्ष पर बड़ा हमला, कहा- ये मोदी सरकार है जनता से लूटा गया एक-एक पैसा वसूला जाएगा



नर्द दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के नेतृत्व में 14 विपक्षी दलों द्वारा दायर एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें विपक्षी नेताओं के खिलाफ सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के ष्मनमाने उपयोगष् का आरोप लगाया गया था और गिरफ्तारी, रिमांड और जमानत को नियंत्रित करने वाले नए दिशानिर्देशों की मांग की गई थी। कोर्ट के आदेश के बाद विपक्ष ने अपनी याचिका वापस ले ली। कोर्ट के फैसले के बाद बीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए तीखा प्रहार किया। बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस, राजद, टीएमसी, आप और बीआरएस सहित 14 भ्रष्ट दलों ने अदालत में जाकर याचिका दायर की। कोर्ट ने उनकी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि वे आम लोगों की तरह हैं और कानून सबके लिए समान है। पीएम मोदी में कि कोई वीवीआईपी कल्चर नहीं... सब एक समान हैं और एक भाव कुछ भ्रष्टाचारी नेताओं में है कि वो कानून से ऊपर हैं। आज इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर आप नेता भी हैं तो आपको कोई अधिकार नहीं है कि आपके लिए कोई अलग कानून होगा। अगर किसी भ्रष्टाचारी को यह गलतफहमी है कि भ्रष्टाचार करेंगे और कानून का हाथ उन तक नहीं पहुंचेगा. ..तो उनको बता दूं, ये मोदी सरकार है... जनता से लूटा गया एक–एक रुपया वसूला जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि राजनेताओं को नागरिकों से ऊंचे पायदान पर नहीं रखा जा सकता है और वे कानून के तहत विशेष उपचार और गिरफ्तारी से छूट की मांग नहीं कर सकते।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जेबी पर्दीवाला की एससी पीठ ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर 14 राजनीतिक दलों की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। आप विशिष्ट मामलों के साथ आएं, हम इससे निपटेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा, हम कुछ आंकड़ों के आधार पर कानून को संक्षेप में नहीं रख सकते हैं।

## गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को जारी की एडवाइजरी, कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा



नई दिल्ली। रामनवमी के दिन देश के विभिन्न राज्यों से आए हिंसा की खबरों के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय अब हनुमान जयंती को लेकर सतर्क हो गया है। गृह मंत्रालय की ओर से इसको लेकर एक एडवाइजरी जारी किया जा चुका है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से कानून–व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने की अपील की है। साथ ही साथ गृह मंत्रालय ने कहा कि सरकारों को कानून और व्यवस्था बनाए रखने, त्योहार का शांतिपूर्ण पालन करने और समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले किसी भी कारक की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह पिछले सप्ताह रामनवमी के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में हुई सांप्रदायिक हिंसा के मद्देनजर आई है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को विश्व हिंदू परिषद और एक अन्य समूह को 6 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी के जहांगीरपुरी इलाके में जुलूस निकालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। पिछले साल 16 अप्रैल को हनुमान जयंती पर एक ष्शोभा यात्राष् के दौरान इलाके में दो समुदायों के बीच झड़पें हुई थीं। पुलिस ने कहा कि हनुमान जयंती से पहले जहांगीरपुरी इलाके में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान इलाके में गश्त कर रहे हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हनुमान जयंती के जुलूसों के लिए पश्चिम बंगाल के सभी इलाकों में, जहां जरूरत हो, केंद्रीय बलों को तैनात करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने आगे आदेश दिया कि जिन इलाकों में धारा 144 लगाई गई है वहां हनुमान जयंती का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष शिबपुर और रिशरा में हाल की हिंसा पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## कर्नाटक चुनाव से पहले जेडीएस को लगा बड़ा झटका, पूर्व सांसद एलआर शिवराम गौड़ा भाजपा में शामिल




बंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर नेताओं का दल–बदल लगातार जारी है। इन सब के बीच जनता दल सेक्युलर को बड़ा झटका लगा है। जद (एस) के मांड्या से पूर्व सांसद एलआर शिवराम गौड़ा आज बेंगलुरू में भाजपा में शामिल हो गए। राज्य भाजपा प्रमुख नलिनकुमार कटील की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता हासील की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने कहा कि लोग बीजेपी के पक्ष में हैं। इस बार हमें कर्नाटक में अधिक सीटें और अधिक वोट शेयर मिलेगा। भाजपा में शामिल होने के बाद एलआर शिवराम गौड़ा ने कहा कि अगले 10 दिनों में कई लोग बीजेपी में शामिल होंगे। कर्नाटक के लोग राज्य में डबल इंजन की सरकार चाहते हैं। कर्नाटक में बहुमत से बीजेपी सरकार बनाएगी। हालांकि, जनता दल (सेक्युलर) ने पिछले साल शिवराम गौड़ा को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। नलिन कुमार कतील के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सी. टी. रवि और कर्नाटक के मंत्री के. सुधाकर तथा के. गोपालैया सहित अन्य ने उनका पार्टी में स्वागत किया। पूर्व में विधायक रह चुके गौड़ा पहले कांग्रेस में भी थे। इससे पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंगलवार को कहा था कि भाजपा राज्य में एक बार फिर से सरकार बनाएगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सिद्धरमैया और डी के शिवकुमार 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले ही मुख्यमंत्री पद का "सपना" देख रहे हैं, लेकिन यह साकार नहीं होगा। बोम्मई ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं का मुख्य ध्यान सत्ता और मुख्यमंत्री पद पर है, राज्य के लोगों के कल्याण पर नहीं है।

## Load...Aim...Shoot...चीन–पाक की नींद उड़ाने की तैयारी में भारत

### करने जा रहा है सबसे ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम का टेस्ट



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना बहुत जल्द एस–400 एयर डिफेंस सिस्टम का परीक्षण करने जा रही है। ये मिसाइल सिस्टम रूस से खरीदा गया है। लंबी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली के पहले दो स्क्वाड्रन को पहले ही चालू कर चुकी भारतीय वायु सेना जल्द ही पहली बार एस–400 मिसाइल दागने जा रही है। वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों ने एएनआई को बताया कि भारतीय बलों ने रूस में परीक्षण के दौरान रूसी मूल की मिसाइल प्रणाली को दागा था। लेकिन भारत में आने के बाद उनकी टेस्टिंग नहीं हुई है। या कहिए लाइव फायर नहीं हुआ है। उच्च पदस्थ रक्षा सूत्रों के अनुसार ये परीक्षण बहुत जल्द होगा। इस मिसाइल से किसी फास्ट टारगेट को निशाना बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली में मिसाइलों की एक अलग रेंज थी, जो अधिकतम 400 किलोमीटर की दूरी पर तेज गति से चलने वाले लड़ाकू विमानों या क्रूज मिसाइलों को मार गिरा सकती है। भारत ने पहले ही अपने पहले दो मिसाइल सिस्टम स्क्वाड्रन को सेवा में डाल दिया है। पहले दो स्क्वाड्रनों को अलग–अलग स्थानों पर तैनात किया गया है जहां से वे लद्दाख सेक्टर के साथ–साथ पश्चिम बंगाल के नाजुक चिकन नेक कॉरिडोर को कवर कर सकते हैं।

## तेलंगाना सरकार 125 फुट ऊंची आंबेडकर प्रतिमा का उद्घाटन करेगी



हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने आंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) के मौके पर उनकी 125 फुट ऊंची प्रतिमा का भव्य स्तर पर उद्घाटन करने का फैसला किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में मंगलवार रात कहा गया कि राव ने विशाल आंबेडकर प्रतिमा के उद्घाटन, नए सचिवालय भवन परिसर के उद्घाटन और अन्य मुद्दों पर मंत्रियों व अधिकारियों के साथ बैठक की। विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में यह तय हुआ कि आंबेडकर की प्रतिमा पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, आंबेडकर के पोते प्रकाश अंबेडकर को इस कार्यक्रम में एकमात्र मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। एक अलग विज्ञप्ति में कहा गया है कि आंबेडकर के नाम पर बने नए तेलंगाना सचिवालय भवन परिसर का उद्घाटन 30 अप्रैल को होगा। वहीं, मुख्यमंत्री ने राज्य की मुख्य सचिव शांति कुमारी को गृह लक्ष्मी योजना के लिए जल्द से जल्द रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया है।

## जेलरवाला बाग के झुग्गीवासियों के लिए खुश खबरी, 2 महीने बाद मिलेंगे 1,675 फ्लैट



नई दिल्ली। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को जेलोरवाला बाग में दिल्ली विकास प्राधिकरण की सीटू पुनर्वास परियोजना का दौरा किया, जहां झुग्गीवासियों के लिए 1,675 फ्लैट बनाए जा रहे हैं। राज निवास के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि इसके साथ ही इसके पास वैष्णवी नर्सरी–सह–पार्क भी है। एलडी सक्सेना डीडीए के अध्यक्ष भी हैं। उन्हें सूचित किया गया कि परियोजना का 95: तैयार है और शेष कार्य 30 मई तक पूरा हो जाएगा। बयान में कहा गया है कि फ्लैट जून तक आवंटन के लिए तैयार हो जाएंगे। बनाए जा रहे 1,675 फ्लैटों में से 1,093 फ्लैट ऐसे हैं जहां जेलोरवाला बाग की झुग्गीवासियों का पुनर्वास किया जाएगा, जबकि शेष 582 अन्य स्थानों के लाभार्थियों को आवंटित किए जाएंगे। एलजी हाउस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्जहां झुग्गी वहां मकानश योजना के तहत डीडीए द्वारा फ्लैटों का विकास किया जा रहा है।

## हनुमान जयंतीः बंगाल सरकार को एचसी का निर्देश, जहां धारा 144 हो वहां जुलूस ना निकले



कोलकाता। पश्चिम बंगाल में रामनवमी के दिन हुई हिंसा को लेकर राजनीति जारी है। इन सब के बीच अब हनुमान जयंती की शोभा यात्रा का मामला कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंच गया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हनुमान जयंती के जुलूसों के लिए पश्चिम बंगाल के सभी इलाकों में, जहां जरूरत हो, केंद्रीय बलों को तैनात करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने आगे आदेश दिया कि जिन इलाकों में धारा 144 लगाई गई है वहां हनुमान जयंती का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष शिबपुर और रिशरा में हाल की हिंसा पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि आने वाली हनुमान जयंती के मद्देनजर राज्य में शांति और शांति सुनिश्चित करने के लिए वह क्या कदम उठा रही है। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि वह राज्य में विश्वास बहाली के लिए अर्धसैनिक बलों की तैनाती का अनुरोध कर सकती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि वह हनुमान जयंती समारोहों के दौरान शांति बनाए रखने में पुलिस की मदद के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की अपील करे। पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के हिंसा प्रभावित रिसड़ा शहर में पुलिस बल की भारी तैनाती के बीच निषेधाज्ञा अब भी लागू है और इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जिले में कहीं से भी हिंसा या आगजनी की कोई घटना होने की खबर नहीं है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में हैं। जिले में कहीं से भी किसी तरह की गड़बड़ी की कोई खबर नहीं है। महत्वपूर्ण स्थानों और क्षेत्रों में हमारे बल तैनात हैं। किसी को भी बिना किसी उद्देश्य के घूमने की अनुमति नहीं है। हम सामान्य स्थिति बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं।

## सीतारमण पर चिदंबरम का कटाक्ष, पहली बार हुआ है कि सत्तापक्ष ने संसद की कार्यवाही बाधित की



नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने संसद में आम बजट पर चर्चा नहीं होने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा नाराजगी जताए जाने के बाद बुधवार को सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि सत्तापक्ष ने व्यवधान पैदा किया और चर्चा को अवरुद्ध किया। पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने ट्वीट किया, "वित्त मंत्री ने इस पर दुख जताया है कि बजट पर संसद में चर्चा नहीं हुई। बजट को चर्चा के बिना पारित करने के लिए कौन जिम्मेदार था? भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि सत्तापक्ष ने व्यवधान पैदा किया और चर्चा को अवरुद्ध किया।" वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में आम बजट पर चर्चा नहीं होने पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि दोनों सदनों की कार्यवाही अबतक ठीक से नहीं चल सकी है और विपक्ष लोगों का ध्यान भटकाने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रहा है। वित्त मंत्री ने साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को 'सफलता की कहानी' बताया था।






## कश्मीर में जो पत्थरबाज थे, वो अब बंगाल में आ गए

### लॉकेट चटर्जी वे पूछाः क्या तुष्टिकरण की राजनीति कर रही हैं ममता




कोलकाता। पश्चिम बंगाल में रामनवमी के बाद शुरू हुई हिंसा को लेकर राजनीतिक जबरदस्त तरीके से जारी है। भाजपा ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर लगातार आरोप लगा रही है। पूरे हिंसा को लेकर ममता बनर्जी भाजपा को जिम्मेदार बता रही हैं। इन सबके बीच भाजपा सांसद लॉकेट चौटर्जी ने एक बार फिर से ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने साफ तौर पर पूछा है क्या ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है? अपने बयान में लॉकेट चौटर्जी ने कहा कि पूर्व में कश्मीर में जो पत्थरबाज थे, वो अब बंगाल में आ गए हैं। उन्होंने दावा किया कि रामनवमी की शोभायात्रा पर पत्थरबाजी हुई, उसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई। भाजपा सांसद ने आरोप लगया कि जिन लोगों पर हमला हुआ, उन्हें ही गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि क्या ममता बनर्जी तुष्टिकरण की राजनीति कर रही हैं? प. बंगाल बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार ने कहा कि रामनवमी की हिंसा पूर्व नियोजित थी, क्योंकि बम एक दिन में नहीं बनते... राज्यपाल ने हमें रिषड़ा और उसके आस–पास इलाकों में जाने से मना किया इसलिए हम वहां नहीं जाएंगे लेकिन अगर कल की तरह वहां फिर हिंसा हुई तो हमें धरने पर बैठना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमने राज्यपाल से मुलाकात कर तत्काल केंद्रीय हस्तक्षेप की मांग की है क्योंकि पुलिस कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रही है। इससे पहले रामनवमी पर हुई हिंसा को लेकर राज्य के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा था कि बंगाल के नागरिकों की शांति की रक्षा करने के लिए जल्द से जल्द मजबूत और प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। अपराधियों, गुंडों और बदमाशों को कानून अपने हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के हिंसा प्रभावित रिसड़ा शहर में पुलिस बल की भारी तैनाती के बीच निषेधाज्ञा अब भी लागू है और इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जिले में कहीं से भी हिंसा या आगजनी की कोई घटना होने की खबर नहीं है।

# अवैध क्लिनिक एवं मेडिकल स्टोर पर किसकी मेहरबानी,कैसे हो रहा संचालन

## झोलाछाप डॉक्टरों की अबैध क्लीनिक एवं अबैध मेडिकल स्टोर की बाढ़ अंकुश लगाने में स्वास्थ्य विभाग नजर आ रहा फेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। जनपद में जांच के नाम पर हो रहा खानापूर्ति अखिर किस के सह पर हो रहा अवैध मेडिकल व अवैध क्लिनिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की अबैध क्लीनिक एवं अबैध मेडिकल स्टोर की बाढ़ पर अंकुश लगाने में स्वास्थ्य विभाग फेल होती नजर आ रही है खरगूपुर बाजार में लगभग एक दर्जन से अधिक अबैध क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है वहीं बिसुनापुर बाजार, भंगहा, पृथ्वी नाथ चौराहे पर आदि कई स्थानों पर अबैध क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है कस्बों व गांवों में झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें पर मरीजों का इलाज धड़ल्ले से किया जा रहा है। यहां बिना डिग्री धारी




चिकित्सक मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। कस्बे में स्थित सरकारी अस्पताल के आसपास सहित जगह–जगह बिना रजिस्ट्रेशन वाले चिकित्सक क्लीनिक चला रहे हैं। इतना ही नहीं मेडिकल के साथ ही निजी क्लिनिक संचालित किए जा रहे हैं, जो बिना पंजीयन और विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी के चल रहे। ऐसी ही लापरवाही अक्सर लोगों के लिए महंगी जानलेवा साबित होती है।ऐसा ही मामला इन दिनों जनपद गोंडा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर के समीप संचालित मेडीकल व क्लीनिक पर देखने को मिल रहा है। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बाहर से मेडिकल स्टोर की तरह दिखने वाली दुकान के अंदर ही मरीजों का उपचार किया जा रहा है। जहां मरीजों को बकायदा भर्ती कर इलाज कर बोतल भी चढ़ाई जा रही है। लोगों का कहना है कि उक्त क्लीनिक व मेडीकल स्टोर आपसी सामंजस्य से संचालित किए जा रहे हैं। जहां शासन द्वारा निर्धारित क्लीनिक संचालित करने के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। जिससे यहां उपचार करा रहे लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। खरगूपुर सहित पूरे क्षेत्र की बात की जाए तो हर ग्रामीण क्षेत्र में एक न एक झोलाछाप डॉक्टर आपको इलाज करता हुआ दिख जाएगा। हर चौक चौराहों पर अवैध मेडिकल व अवैध क्लिनिक किराना स्टोर की तरह हो रहे संचालित वहीं नगर की बात करें तो यहां अलग–अलग मोहल्लों, कॉलोनियों में झोलाछाप डॉक्टरों ने अपने क्लीनिक बना रखे हैं। जहां वे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों का उपचार करते हैं।

# जी.वी.एम कॉन्वेंट स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश




बस्ती। जिले के बहु प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में जी०वी० एम० कान्वेंट स्कूल के परिसर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में मेधावी बच्चों एवं उनके उनके अभिभावक उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ–साथ विभिन्न कक्षाओं के सफल मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया मेधावी बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक संतोष सिंह एवं प्रधानाचार्या विजयलक्ष्मी सिंह एवं समाजसेवी राहुल श्रीवास्तव जी ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष सिंह ने सफल मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल 21 मार्च को घोषित कर दिया गया जिसमें प्राइमरी वर्ग से सौरभ एवं प्रयत्न प्रयत्न ने तथा जूनियर वर्ग से अनुकृति ने विद्यालय टॉप किया विभिन्न कक्षाओं के मेधावी बच्चों में सौरभ कुशल,आदित्य यशराज आकृति हनी मिश्रा श्रेयांश रोशनी प्रयत्न ऋषि पवन प्रियेश अनुकृति आदर्श अभिनव दृश्टि तल्हा अभिनव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आयुष शिवम ज्योत्सना शौर्य अंशिका शिक्षा अक्षरा आर्या स्निग्धा अयान अच्युत सृष्टि सौम्या शिविका आयुष एवं अभिनव रहे कक्षा में तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों में अनन्या इलहम शाश्वत नित्या किंजल अंश कासिफ ज्योति राजश्री हर्ष शिवेश स्वर्णिमा अनुश्री फरहान पीयूष यश एवं श्रेया मुख्य रहे।

# बालाजी के जयकारों से गूंज उठा नगर

## हाथी व रथों के बीच श्री बालाजी के जयकारों के साथ भक्तों का उत्साह चरम पर देखने को मिला





दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। नगर क्षेत्र में बालाजी के जयकारों से गूंज उठा। छह अप्रैल को होने वाले जागरण व भंडारे से पूर्व मंगलवार को दुखहरण नाथ मंदिर पर श्रीराम चरित मानस के अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया। शाम को पांच बजे दुखहरण नाथ मंदिर से निशान शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिलाओं, युवतियों व बालिकाओं ने नंगे पांव भगवा ध्वज लेकर निशान शोभायात्रा निकाली। हाथी व रथों के बीच श्री बालाजी के जयकारों के साथ भक्तों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। गोंडा मोड़ से फक्कड़ दास चौराहा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा होते हुए मुख्य बाजार से वापस दुखहरण नाथ मंदिर पर शोभायात्रा समाप्त हुई। छह अप्रैल की शाम रामलीला मैदान में बालाजी का जागरण कार्यक्रम व भारतीय इंटर कॉलेज परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए जगह–जगह लोगों ने पेयजल की व्यवस्था कराई गई थी। शोभा यात्रा में भाजपा विधायक रामप्रताप वर्मा, पूर्व चेयरमैन अनूप गुप्ता, देवानंद गुप्ता, संरक्षक संतोष कुमार कसौधन, वैभव सक्सेना, सेवादार आशीष कसौधन, हेमंत गुप्ता, नरेंद्र पटवा, सन्तोष सोनी श्रवण, मोनू गुप्ता, सुरेश कुमार, अंकुर गुप्त, मनीष कुमार, राजेश कुमार, राजकुमार कौशल, ओम प्रकाश गुप्त ,अभिषेक गुप्ता समेत सैकड़ों लोग महिलाएं व मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे, चौकी प्रभारी स्वतंत्र गुप्ता, मनीष मिश्रा समेत पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# घायल अवस्था में मिला हिरण सूचना पर पहुँची वन विभाग की टीम

## सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम कराया इलाज

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल,देवरिया,गोंडा। ब्लॉक पंडरी कृपाल के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा पंडरी बल्लभ गोदाम के पास नहर में हिरण का बच्चा लगभग उम्र 1 वर्ष है जो घायल अवस्था में नहर में मिला जिसको सतीश मिश्रा निवासी ग्राम सालपुर सेमरा पोस्ट बिशनपुर बैरिया थाना कोतवाली देहात गोंडा के निवासी हैं इनके द्वारा मोबाइल फोन द्वारा सेक्शन प्रभारी पंड़री कृपाल वन दरोगा नन्द गोपाल श्रीवास्तव को सूचित किया। सूचना पाकर वन दरोगा नन्द गोपाल श्रीवास्तव मौके पर पहुंचकर हिरण के बच्चे को ग्रामीणों के सहयोग से नहर से बाहर निकाला। हिरण के बाँये पैर में कंधे के पास काफी चोट लगी थी जो घायल अवस्था में था। वन दरोगा नन्द गोपाल





श्रीवास्तव ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मदन मुरारी बिशुनपुर बैरिया को सूचना दिया गया। सूचना पाकर पशु चिकित्सा अधिकारी ने डॉक्टर को भेज कर हिरण का इलाज करवाया। हिरण काफी घायल अवस्था में था जिसको सालपुर सेमरा निवासी सतीश मिश्रा ने वन विभाग की टीम से कहा कि इसका इलाज मैं घर पर ले जाकर इलाज करूंगा और हिरण चलने फिरने में अस्मर्थ है जिसको पूर्ण रूप से ठीक हो जाने पर वन विभाग की टीम को सूचित कर दूंगा और उनके सुपुर्द कर दिया जाएगा। जिसको इलाज हेतु वन विभाग की टीम ने सतीश मिश्रा के सुपुर्दगी में कर दिया है। इस मौके पर वन विभाग की टीम के अलावा सत्यम श्रीवास्तव, राजू ,सुबीत सिंह, शुभम सोनी सहित अन्य ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

# बिजली का तार गिरने से गेहूं की फसल में लगी आग

दैनिक बुद्ध का संदेश



गोंडा। कटरा बाजार के ग्राम पंचायत तिवारी पुरवा में दोपहर करीब बारह बजे तेज हवा चलने से बिजली का तार टूट कर गिर जाने से राम चन्द्र तिवारी दो बीघा पकी फसल गेहूं जल कर राख हो गया ग्रामीणों के अथक प्रयास के बावजूद भी आग पर काबू नहीं पाया। दमकल आने के बाद आग पर काबू पाया गया।

# अवैध कब्जा हटवाने के लिए तीन साल से दौड़ रहा पीड़ित

## जिला अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक लगाई गुहार लेखपाल द्वारा लगाया जाता है फर्जी रिपोर्ट

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोंडा। 3 वर्षों से चक मार्ग पर किए गए अवैध कब्जा को हटवाने के लिए अधिकारियों के दफ्तरों का चक्कर लगा रहा है पीड़ित नहीं हो रही कोई सुनवाई पीड़ित काफी परेशान मामला जनपद गोंडा के थाना धानेपुर के अंतर्गत आने वाले मुजेहना ब्लॉक का है उक्त ब्लॉक के ग्राम पंचायत नौसी के पंडित पुरवा का है पंडित पुरवा गांव निवासी कल्पनाथ नाथ पांडे ने बताया 2021 से लेकर आज तक झक मार को खाली कराने के लिए अधिकारियों को कई बार प्रार्थना पत्र दे चुका हूं उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी गोंडा उप जिलाधिकारी गोंडा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सहित अन्य अधिकारियों से अवैध कब्जे को हटवाने की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र दिया 3 वर्ष बीतने को हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई उन्होंने बताया कि जिसे जांच मिलती है वह फर्जी रिपोर्ट लगा देता है जबकि इस रास्ते से दर्जनों लोगों के आने–जाने का रास्ता है और अवैध कब्जे दार काफी दबंग हैं लेखपाल कानूनगो मौके पर ना आकर कागजों में ही खानापूर्ति करके रिपोर्ट लगा देते हैं जिसमें यह दर्शाया जाता है कि रास्ता को खाली करा दिया गया है जबकि समस्या जस की तस बनी है और अवैधा कब्जे दार आज भी काबिज हैं कल्प नाथ पांडे ने आगे बताया कि अगर कोई सुनवाई नहीं होती है तो हम लोग मजबूर होकर लखनऊ में मुख्यमंत्री का होने वाले जनता दर्शन में जाकर शिकायत दर्ज कराएंगे क्योंकि अधिकारियों के चक्कर लगाते लगाते मैं थक चुका हूं लेकिन अधिकारी हैं कि कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा है 2023 को पुनः प्रार्थना पत्र जिला अधिकारी को दिया उस पर भी मनमानी रिपोर्ट लगाई गई गांव के लोगों ने उक्त रास्ता को अवैध कब्जे दारो के कब्जे से खाली कराने की मांग जिला से लेकर प्रदेश के अधिकारियों से की है।

# मांग पूरी न होने पर किसान यूनियन ने सड़क जाम करने की दी चेतावनी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरा चौकी,गोंडा। भारतीय किसान यूनियन ने अपने विभिन्न



मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से बभनजोत ब्लॉक परिसर में धरना दे रही है। उनका आरोप है कि शासन एवं प्रशासन आश्वासन के बाद भी कार्यवाही नहीं कर रहा है। किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष कनिक राम मौर्या ने बताया कि उप जिलाधिकारी के मांगे पूरी करने के आश्वासन पर 30 मार्च को धरना स्थगित कर दिया गया था लेकिन 30 तारीख तक सभी मांग पूरी न होने से धरना फिर से शुरू हो गया और आज धरने का सातवां दिन है उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस धरने के दौरान में कोई भी सक्षम अधिकारी उनसे बातचीत के लिए नहीं आया । किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष ने यह भी बताया कि ऐसी स्थिति में यदि कोई उनकी मांगों पर गौर नहीं करता तो वह आने वाले दिनों में रोड पर प्रदर्शन कर रोड जाम करेंगे।

# बीज शोधित कर गन्ने की बोआई करें किसान-एन0के0दुबे

## जीएम ने किसानों को दिए आवश्यक सुझाव





दैनिक बुद्ध का सन्देश

मोतीगंज,गोंडा। बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल कुंदरूखी के जीएम( केन) एनके दुबे ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बीज शोधित करके ही गन्ने की बुवाई की जाए, बुवाई के समय की जा रही कोई भी लापरवाही फसल भविष्य में दिक्कत पैदा कर सकती है इसलिए जरूरी है कि किसान सभी प्रकार के दवाओं से शोधित करके अभी बुवाई करें। बुधवार महाप्रबंधक गन्ना मिल गेट क्षेत्र के जोगापुर, दलपतपुर, सोहास, नगरा, पूरे अनूप लखई पुरवा, पंडित पुरवा, ककरहवा, गोरवा और तुर्काडीहा सहितकई गांव में भ्रमण कर उन्होंने किसानों को गन्ना की बुवाई करते समय बीज को शोधित करने के सुझाव दिए उन्होंने बताया कि शोधित करने से कई फायदे होते हैं, पौधे में रोग अवरोधक क्षमता बढ़ जाती है जिससे बाद में किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है किसान इन बातों का जरूर ध्यान रखें। महाप्रबंधक गन्ना ने कहा जैसा कि गन्ना बुवाई अब आखिरी समय चल रहा है किसान सीओ 0118,सीओ15023, सीओएलके14201 इस प्रजाति की ही गन्ना बुवाई करें, 238 रोग लग जाने के कारण प्रजाति के गन्ना की बुवाई किसान कदापि न करें। इसकी बुवाई करने से यह बीज बाद में किसानों की परेशानी को बढ़ा सकता है जिससे और भी क्षेत्रफल से प्रभावित हो सकते हैं उन्होंने किसानों को बताया कि इन दिनोंचोटी बेधक कीट का प्रकोप अधिक दिख रहा है किसान कोराजन 150एमएल दवा 400 लीटर पानी में प्रति एकड़ मोटी धार से जड़ को भिगोए अथवा छिड़काव करें इस दौरान गन्ना विकास अधिकारी रमेश प्रताप सिंह ने भी किसानों को जरूरी टिप्स दिए। गन्ना किसानों ने भी कुछ सवाल भी हमसे पूछे इस दौरान गन्ना किसान राहुल राधेश्याम, से काफी संख्या में लोग बैठक में शामिल हुए।

# थाना परिसर में खड़ी लावारिस बाइक की हुई नीलामी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। मोतीगंज थाना परिसर में थाना परिसर में खड़ी लावारिस बाइक की हुई नीलामी थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रमोद कुमार ने बताया कि इन लावारिस वाहनों की नीलामी पहले 27 मार्च को होनी थी लेकिन अधिकारियों के ना आने की वजह से नीलामी की तारीख टाल दी गई थी जिसे 5 अप्रैल कर दिया गया था 5 अप्रैल दिन बुधवार को नायब तहसीलदार मजिस्ट्रेट मनकापुर की मौजूदगी नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई शुरू कराई गई जिसमें आए हुए दर्जनों लोगों ने बोली लगाई और 10 बाइक जो काफी जर्जर अवस्था में थाना परिसर में खडी थी । नीलामी के दौरान थाना अध्यक्ष मोतीगंज सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे तथा नीलामी में शामिल होने आए लोग भी मौजूद रहे।

# उत्पीड़न को लेकर पंचायत सहायको का ब्लॉक पर धरना प्रदर्शन





दैनिक बुध्द्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। ग्राम प्रधानों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न तथा ग्राम पंचायत पिपरा दोयम के प्रधान द्वारा पंचायत सहायिका पूनम की सेवा समाप्ति की कारवाई को लेकर बुधवार को खेसरहा ब्लाक परिसर में ब्लाक अध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्रा की अगुवाई में धरना प्रदर्शन किया। ब्लाक अध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्रा ने कहा कि ब्लाक के अधिकांश ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन अपूर्ण हैं। ग्राम प्रधान भुगतान संबंधी कार्य ब्लाक में तैनात आपरेटर के माध्यम से करवाते हैं जबकि पंचायत सहायकों की नियुक्ति इसी कार्य के लिए हुई है। ग्राम प्रधानों द्वारा कम्प्यूटर वगैरह पंचायत भवन में न रखकर अपने घर पर रखा जा रहा है तथा उससे अपना व्यक्तिगत कार्य किया जा रहा है। जब पंचायत सहायक इस संबंध में प्रधान से कहते हैं तब वेतन रोकने तथा सेवा समाप्ति की धमकी दी जाती है। पंचायत सहायिका पूनम ने ग्राम प्रधान अनिल चौधरी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दस माह से ग्राम प्रधान द्वारा मेरे मानदेय का भुगतान नहीं किया गया । जबकि ग्राम पंचायत में अन्य मदों पर भुगतान हुआ है। जब इस संबंध में प्रधान से पूछा तो वह आवास पर मिलने की बात करने लगे। पंचायत सहायकों ने बीडीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री, पंचायत राज मंत्री, जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन दिया है। तथा कारवाई न होने पर सामुहिक इस्तीफा देने की चेतावनी भी दी है। धरने में नितेश कुमार, विवेक दूबे, गौरीशंकर राय, सुनील कुमार, महेंद्र भारती,गौरव कनोजिया,परवेज आलम,सुनील पासवान,सुनील मद्देशिया शिवानी,खुशबू,प्रेमसुधा,नीतू समेत कई दर्जन पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की कम्बाइन हार्वेस्टिंग मशीन स्वामियों के साथ बैठक

दैनिक बुध्द्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। परालीध्फसल अवशेषध्कृषि अपशिष्ट जलाने से रोकने एवं उचित प्रबन्धक हेतु कम्बाइन हार्वेस्टिंग मशीन स्वामियों के साथ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि शासन द्वारा दियै गये निर्देशानुसार यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर के बिना सुपर एस0एम0एस0 अथवा फसल अवशेष प्रबन्धन के अन्य यंत्रों को प्रयोग में लाये बगैर कटाई का कार्य किया जायेगा तो उक्त कम्बाइन को हार्वेस्टर को सीज कर दिया जायेगा तथा कम्बाइन हार्वेस्टर मालिक के विरूद्ध प्रदूषण फैलाने में सहायक होने के कारण विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। फसल अवशेष प्रबन्धन के अन्य यंत्रों के बिना कम्बाइन न चलाये। जिलाधिकारी ने गौशाला में भूसा दान करने हेतु अपील की। जिलाधिकारी ने कहा बचाव ही उपाय है सतर्क रहे। जिलाधिकारी ने कहा यदि आगजनी की कोई घटना होती है तो उसकी सूचना तत्काल कन्ट्रोल रूम और फायर सर्विस को दे। उपकृषि निदेशक अरविन्द विश्वकर्मा ने बताया कि तहसील स्तर पर भी मानीटरिंग हेतु टीमे गठित की गयी है। किसानो को जागरूक करे कि फसल अवशेष न जलाये तथा पराली जलाने से होने वाले हानि के बारे में जानकारी दे। पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती है। इस बैठक में उपरोक्त के उप कृषि निदेशक अरविन्द विश्वकर्मा, कम्बाईन स्वामी व अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।





# तैयारियां पूर्ण आज होगा भरत महोत्सव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र के भारतभारी स्थिति





ऐतिहासिक तीर्थ सागर धाम पर धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर भरत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत सनातन एकता महाकुंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम की सफलता हेतु बैठक कर रणनीति तैयार की गई और कार्ययोजना बनाकर सभी को जिम्मेदारी दी गई। धर्म रक्षा मंच के संरक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अयोध्या से ब्रह्मऋषि महेश योगी भारी संख्या में संतों के साथ कार्यक्रम में सम्मलित होंगे और देश के चारों कोने पर योग पीठ की स्थापना के अपने संकल्प के क्रम में कार्यक्रम का शंखनाद करेंगे। कार्यक्रम में सिद्धार्थनगर जनपद के प्रमुख 108 मन्दिरों की पवित्र मिट्टी से भरा कलश इकट्ठाकर श्रद्धालु गाजे–बाजे के साथ भारतभारी आएंगे। सभी कलशों को इकट्ठा कर महेश योगी अयोध्या ले जायेंगे जहां से चारों कोने में योगपीठ स्थापना के लिए चारों धाम व अन्य तीर्थ स्थानों पर पैदल यात्रा कार्यक्रम का आरम्भ होगा। राघवेन्द्र प्रताप सिंह इस दिव्य यात्रा में सभी से सहयोगी बन कर मंगल कलश में अपने घर व पूजा स्थल की मिट्टी तथा आर्थिक अंशदान का सहयोग कर ईश्वर के इस ऐतिहासिक कार्य में सहभागी बनकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आवाहन किया है। बैठक के दौरान महंत कृष्णदास, नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, लवकुश ओझा, मधुसूदन अग्रहरि, कृष्ण कुमार पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश चौधरी, प्रेम पाण्डेय बृजेश शुक्ला, कमलेंद्र त्रिपाठी, अजय अग्रहरि, उदयभान आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने किया प्रशिक्षण का शुभारंभ

## परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन





दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रशिक्षण हाल में बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था और बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर देना था। प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण काफी महत्वपूर्ण है इसमें विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, अभिभावकों व शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल के साथ कार्य करना है। इसके लिए नियमित बैठकों का आयोजन किया जाए। साथ ही अभिभावकों के साथ शिक्षकों की भी नियमित बैठक हो जिससे जो भी कमियां हो उसे दूर किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन कराना। इस मौके पर प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए ट्रेनर मुस्ताक अहमद, अकमल हुसैन फारुकी, विष्णु कांत दुबे, इश्तियाक अहमद आदि ने बताया कि अध्यापक छात्र समय से विद्यालय पहुंचे इसके लिए भी समिति के सदस्यों को ध्यान देना होगा। इसके अलावा मध्यान्ह भोजन योजना की नियमित गुणवत्ता, बच्चों को बिना भेदभाव के शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रेम प्रकाश चौबे, अभिषेक सिंह, धर्मराज दुबे, अगेय कुमार गौतम, अंजनी सिंह राम कुमार चौधरी, मोहम्मद सादिक, गिरधर पांडे, फखरुद्दीन, मलिक नदीम, अहमद फारुकी, माया यादव ,प्रेमचंद, राहत जहां, अरुण कुमार सिंह, दुर्गेश त्रिपाठी, राम सिंह पाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# आग लगने से छह बीघा गेहूं जल कर राख

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। खेसरहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुर्थिया पुलिस चौकी के ग्राम छितही गाँव के उत्तर सीवान में अज्ञात कारण से लगी आग में गाँव के तीन लोगों का छह बीघा गेहूं जल कर राख हो गया। बुधवार को करीब बारह बजे खेत में खड़ी फसल से धुआं के साथ लपट निकलने लगी, बाग में बैठे ग्रामीण जब तक



कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर ग्राम वासी बुद्धिसागर, अखिलेश तथा मिन्टू का छह बीघा गेहूं जल कर राख हो गया। गनीमत यह रही कि उस सीवान में अधिकतर खेतों में कटाई हो चुकी थी इस लिए बड़ी घटना नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि फायर सर्विस के पास कई बार फोन किया गया,लेकिन काल रिसीव नहीं हुआ। येन– केन ग्रामीणों ने स्वयं के प्रयास से आग पर काबू किया।

# पैदल गस्त कर पुलिस ने आम जनमानस को दिलाया भरोसा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आगामी त्यौहारों को देखते हुए जनपद के थाना जोगिया पुलिस ने पैदल गस्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का दिलाया एहसास। जोगिया थाना उपनिरीक्षक अख्तर द्वारा पुलिस फोर्स के साथ शांति व्यवस्था के टगत कस्बा जोगिया उदयपुर चौराहे मे पैदल गस्त कर लोगो को सुरक्षा का एहसास कराया। जोगिया



थाना के अख्तर दरोगा पैदल गश्त के दौरान लोगो से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। लोगो से कहा पुलिस उनके साथ है, परेशानी होने पर सूचना दे, समस्या का समाधान किया जायेगा, गश्त के दौरान संदिग्ध लोगो से पूछताछ व तलाशी भी ली गयी एंव सड़क के किनारे बेढंग से खड़े वाहनों के वाहन स्वामी को आवश्यक हिदायत दिया गया और रोड पर गंदगी करने वालों पर उचित कार्रवाई किया जाएगा और सभी व्यापारियों से मिलकर अपने अपने दुकान के सामने सीसीटीवी कैमरा लगवाने की बात की।

# राजन इंटरनेशनल एकेडमी में नए सत्र का हुआ शुभारंभ

## रंग लाई पिछले सत्र की मेहनत, अभिभावकों ने हमारे ऊपर किया विश्वास- प्रिंसिपल सानू एंटोनी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। बुधवार को राजन इंटरनेशनल एकेडमी में नये शिक्षण सत्र का शुभारंभ कार्यकारी निर्देशक संजीव पाण्डेय के निर्देशन में मां सरस्वती और शिक्षा जगत में पूर्वांचल के मालवीय कहे जाने वाले स्वर्गीय पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रबंधा समिति ने शिक्षकों के साथ बैठक कर शिक्षण प्रक्रिया को और बेहतर बनाने की दिशा मे विचार किया गया। एकेडमी की संस्थापिका ( प्रबंधक राकेश चतुर्वेदी की माताजी ) द्वारा पिछली कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं में पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया। पुरस्कार पाने वाले छात्रों में एलकेजी के नायरा शेख, अमय राय, अवनी श्रीवास्तव, मोहम्मद तैमूर, आदृति सिंह, सानवी तिवारी, शिवम कुमार पटवा, उसलूब राजा और नर्सरी से अनमोल, सीदीक्षा, मोहम्मद हंजाला, वैष्णवी, अनाबिया, अफरोज, आरना गुप्ता, अद्विक पांडेय, साक्षी चौधरी रहे, कार्यक्रम में जब नन्हें–मुन्ने बच्चों को पुरस्कार मिला तो उनके चेहरों पर खिली मुस्कान। प्रबंध निदेशिका शिखा चतुर्वेदी ने कहा कि अभिभावकों को धैर्य रखना चाहिये, बच्चे धीरे–धीरे सीखते हैं। यहां प्ले वे से कक्षा 12 वीं तक के छात्र–छात्राओं के शिक्षा की व्यवस्था है। पिछले सत्र में अभिभावकों द्वारा दिए गए सुझाव को अमल में लाने की इस सत्र में पूरी कोशिश रहेगी और बेहतर करने का प्रयास विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया जाएगा। प्रिंसिपल सानू एंटोनी ने बताया कि पिछले साल की हमारी मेहनत इस साल रंग ला रही है। हमने जो लक्ष्य निर्धारित किया था उससे कहीं ज्यादा अभिभावकों ने हमारे ऊपर विश्वास किया है और उसका असर देखने को मिल रहा है। दूसरे सत्र में वार्षिकोत्सव एवं स्पोटर्स डे के साथ ही नया प्रयोग किया जायेगा, जिससे बच्चों का सर्वांगीण शैक्षणिक विकास हो। अभिभावकों के साथ प्रत्येक माह छात्र–अभिभावक संवाद करने से और बेहतर वातावरण सृजन की प्रेरणा मिलती है। नए सत्र में हमारा प्रयास रहेगा कि हम और बेहतर करें और इस कार्य को करने के लिए मैनेजमेंट का हमें पूरा सहयोग मिल रहा है और हम जरूर सफल होंगे। वहीं अगर बात करें जिस तरह से राजन इंटरनेशनल एकेडमी का पहला सत्र सकुशल रूप से सुर्खियों में रहते हुए संपन्न हुआ है। वह काफी तारीफ के योग्य है क्योंकि प्रथम सत्र में अभिभावकों ने अपने नौनिहालों का जिस तरह से राजन इंटरनेशनल एकेडमी के प्रबंधक के ऊपर विश्वास करके एडमिशन कराया था उसका जो परिणाम आया उससे अभिभावक काफी संतुष्ट और प्रश्न चित्र दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें उम्मीद से ज्यादा अपने नौनिहालों के अंदर ग्रोथ देखने को मिला रहा है।





# रेलवे ट्रैक पर लाश मिलने से लोगों में मची सनसनी

दैनिक बुद्ध का संदेश

फरेंदा,महाराजगंज। महाराजगंज जिले के रंदा जयपुरिया



स्कूल के पीछे रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की अज्ञात लाश मिली ,प्राप्त जानकारी के अनुसार मौके पर पहुंची फरेंदा पुलिस कार्रवाई में जुटी मिली ऐसा बताया गया पूछताछ में पता चला कि मृतक का नाम भाई लाल पुत्र मिठाई लाल बताया जा रहा है यह दिनेश पुर के टोला चनवाचक का रहने वाला बताया जा रहा है फरेंदा के कोतवाल सत्येंद्र कुमार राय का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह ट्रेन से झटका लगने का मामला प्रतीत होता है लेकिन अभी कोई स्पष्ट बात तब तक नहीं कही जा सकती जब तक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ना जाए और उसकी रिपोर्ट ना मिल जाए उन्होंने बताया के विविध कार्यवाही कर दी गई है और लास्ट पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है जब उसका पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आएगा तब यह स्पष्ट हो पाएगा कि मृतक की मौत किस कारण से हुई है।

# निषाद आर्मी के तत्वाधान में बड़े ही धूमधाम के साथ निषादराज जयंती मनाई गई’

**गोरखपुर**। निषाद राज मंदिर मिर्जापुर में निषाद आर्मी के तत्वाधान में बड़े ही धूमधाम के साथ निषादराज जयंती मनाई गई जिसमें निषाद आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र निषाद द्वारा आरक्षण की मांग को लेकर के सवाल उठाया गया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरे देश और कई प्रदेश में है फिर भी हमारे समाज का आरक्षण नहीं मिल पा रहा है,जिससे निषाद समाज में काफी आक्रोश है।और समाज के जो गुमराह करने वाले नेता है।उनको समाज जल्द ही नकार देगी निषाद आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा यह भी कहा गया प्रयागराज निषादराज की धरती पर अगर प्रभु श्री राम जी की मूर्ति लग सकती है।तो अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि के धरती पर भी एक भव्य मूर्ति भगवान निषादराज की लगनी चाहिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री राम भुवाल निषाद धर्मवीर जलवंशी बलिराम निषाद अजय निषाद कर्मवीर निषाद सत्यपाल निषाद मिथिलेश निषाद चंद्र प्रकाश भारती रामू निषाद फूनी लाल निषाद रामदयाल पुजारी और तमाम निषाद आर्मी के कार्यकर्ता और क्षेत्र के समस्त सम्मानित जनता कार्यक्रम में भाग लिए।

**सम्पादकीय**

# यौन शौषण पर राजनीति

**दरअसल यहीं से सियासत की शुरुआत होती है । राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यहां तक बयान दे दिया कि श्ऊपरश के आदेश के बिना पुलिस इस तरह आ ही नहीं सकती । कांग्रेस ने इस पुलिसिया कार्रवाई को भी अडानी समूह वाले मुद्दे से जोड़ दिया । कई बार सिर पीटने को मन करने लगता है कि हर सवाल, हर...**

केन्द्र सरकार, भाजपा बनाम राहुल गांधी की ऐसी सियासत देशहित में नहीं है । इससे हंगामा, उत्तेजना, अराजकता का माहौल तो बन सकता है, लेकिन देश और उसके नागरिकों को कुछ हासिल नहीं होगा । बलात्कार और यौन शोषण जघन्य अपराध है । यदि उनकी आड़ में भी एक–दूसरे को अपमानित करने की मंशा महसूस हो, तो इन अपराधों के सन्दर्भ में न्याय कब होगा ? राजधानी दिल्ली में ही यौन शोषण के औसतन 40 मामले हररोज सामने आते हैं । खौफनाक और बर्बर मामले भी राजधानी के हिस्से दर्ज होते रहे हैं। न्याय के सवाल पुलिस और अदालत दोनों पर हैं, क्योंकि यौन शोषण, उत्पीडन के अधिकतर मामलों में पुलिस का सक्रिय सरोकार बहुत कम देखा गया है। हमारा फोकस फिलहाल दिल्ली पुलिस पर है, क्योंकि उसी के विशेष आयुक्त, जिला उपायुक्त स्तर के अधिकारी पूरे पुलिस बल के साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आवास पर गए थे। करीब अढाई घंटे तक पूछताछ की गई। कांग्रेस नेता न तो आरोपित हैं और न ही उनके खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज है। उनकी भूमिका महज इतनी है कि बीती 30 जनवरी को श्रीनगर में श्भारत जोड़ो यात्राश के समापन पर उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि कुछ महिलाओं ने उनसे मिल कर अपनी पीड़ा, अपने दर्द साझा किए थे कि महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए। उनके यौन उत्पीडन किए गए और छेड़छाड़ तो आम बात है। बेशक यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। राहुल गांधी ने यौन शोषण की पीडिध्ताओं से पूछा था कि क्या यह पुलिस को बताएं? पीडिध्ताओं ने ऐसे मामलों को सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया, क्योंकि उनकी परेशानियां बढ़ सकती थीं । संवैधानिक दायित्व कुछ और ही हैं। राहुल गांधी वरिष्ठ लोकसभा सांसद हैं, लिहाजा सीआरपीसी के तहत यह उनका दायित्व था कि बलात्कार सरीखे अपराध के खुलासे पुलिस को करें। हमारे कानून और नैतिकता के मुताबिक, यौन शोषण की पीडिध्ता और उसके परिवार की पहचान को गोपनीय रखा जाता है। नाम तक सार्वजनिक नहीं किया जाता। पीडिध्ता का एक प्रतीक– ष्नाम तय कर लिया जाता है। मीडिया में भी वही नाम छापा जा सकता है। बेशक राहुल गांधी के संबोधन के 45 दिन बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें नोटिस दिया और आनन–फानन में उनके आवास पर भी धमक गई, लेकिन इसी दलील पर यह मुद्दा छोड़ा नहीं जा सकता ।

दरअसल यहीं से सियासत की शुरुआत होती है । राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यहां तक बयान दे दिया कि श्ऊपरश के आदेश के बिना पुलिस इस तरह आ ही नहीं सकती । कांग्रेस ने इस पुलिसिया कार्रवाई को भी अडानी समूह वाले मुद्दे से जोड़ दिया । कई बार सिर पीटने को मन करने लगता है कि हर सवाल, हर आरोप या हर कार्रवाई का जवाब अडानी कैसे हो सकता है? कांग्रेस प्रवक्ता एकदम प्रलाप की मुद्रा में आ गये कि राहुल गांधी। किसी से डरने वाले नहीं हैं । सावरकर समझा है क्या नाम राहुल गांधी है।ष कोई कांग्रेस से पूछे कि महान क्रांतिकारी वीर सावरकर का नाम इस प्रकरण में घसीटने की जरूरत क्या थी?

दरअसल पुलिस अधिकारी जानना चाहते थे कि वे महिलाएं कहां की हैं? कश्मीर की हैं या देश में किन हिस्सों की हैं? क्या उनमें दिल्ली की महिलाएं भी थीं? वे महिलाएं अब कहां हैं? क्या कोई नाबालिग लडकी भी शामिल थी? इस केस की सम्यक जानकारी भी जरूरी है और राहुल गांधी को विस्तृत जवाब देना भी चाहिये ।

# भूटान आखिर क्यों छिटका?

भूटान के रुख में बदलाव के संकेत तो काफी समय से मिल रहे थे, लेकिन ताजा घटनाक्रम में वहां के प्रधानमंत्री लोटे त्शेरिंग ने कम से कम तीन ऐसी बातें कही हैं, जो भारत को पसंद नहीं आ सकतीं।

क्या भूटान भी भारत से दूरी बना कर चीन के पाले में जा रहा है? यह सवाल वैसे अब जाकर चर्चित हुआ है, लेकिन ऐसे संकेत काफी समय से मिल रहे थे। ताजा घटनाक्रम में भूटान के प्रधानमंत्री लोटे त्शेरिंग ने बेल्जियम के अखबार ला लेब्रे को दिए इंटरव्यू में कम से कम तीन ऐसी बातें कहीं, जो भारत को पसंद नहीं आ सकतीं। पहली बात तो यह कि उन्होंने भूटान के अंदर चीन की घुसपैठ की बात को सिरे से नकार दिया।

जबकि 2020 में ऐसी कई खबरे आई थीं, जिनमें बताया गया था कि भूटान के बॉर्डर के भीतर चीन गांव बना रहा है। जबकि अब ला लेब्रे को दिए इंटरव्यू में लोटे त्शेरिंग ने कहा है कि चीन ने जो गांव बनाए हैं, वे भूटान के भीतर नहीं हैं। दूसरी बात उन्होंने कही कि चीन और भूटान के बीच का सीमा विवाद हल करने की दिशा में प्रगति हुई है और संभव है कि अगली दो या तीन वार्ताओं में इसका समाधान निकल आए। तीसरी बात यह कि उस क्षेत्र में जहां भारत, भूटान और चीन की सीमाएं मिलती हैं, वहां मौजूद विवाद के बारे में उन्होंने कहा कि तीनों देश समानता के स्तर पर बातचीत करके इसका हल निकालेंगे।

यानी एक तो उन्होंने इस विवाद में चीन को बराबर का हित–धारक बताया और दूसरे उन्होंने इस धारणा को तोडने की कोशिश की कि भूटान की विदेश और रक्षा नीति तय करने में भारत की भूमिका होती है। यह धारणा बनने का लंबा इतिहास है। लेकिन अब ऐसा लगता है कि भूटान भारत के बरक्स अपनी संप्रभुता को जताने के लिए तैयार हो रहा है। गौरतलब है कि भूटान में चीन की घुसपैठ की बात को नकार कर भूटानी प्रधानमंत्री ने उस सारे नैरेटिव पर सवाल खड़ा कर दिया है, जिसको लेकर डोकलाम विवाद हुआ था। तो आखिर भूटान के रुख में यह बदलाव क्यों आया? क्या इसे भारतीय कूटनीति की विफलता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए? भारत के लिए यह बात गहरे आत्म–निरीक्षण का है कि आखिर पास–पड़ोस के देश क्यों ऐसे रुख तय कर रहे हैं, जो भारतीय सुरक्षा हितों के खिलाफ जाते हों?

# चीन की नामकरण रणनीति

**हालांकि व्यापार का सिलसिला कई तरह से चलता रहा, केवल आम जनता के लिए चीनी सामान का बहिष्कार राष्ट्रवाद के नए मंत्र के रूप में पेश किया गया था। अभी कुछ वक्त पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सामान्य बुि का हवाला देते हुए कहा था कि चीन हमसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, तो हम उससे कैसे लड़ सकते हैं। इस जवाब से जाहिर हो रहा है कि भारत सरकार चीन को उसकी सीमाओं में ...**

भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थलों के नाम बदलने के लिए चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। इसमें दो रिहायशी इलाके हैं, पांच पर्वतों की चोटियां हैं, दो नदियां हैं और दो अन्य इलाकध्े हैं। अरुणाचल प्रदेश के इन इलाकों के लिए चीनी, तिब्बती और पिनयिन नामों का तीसरा सेट जारी हाल ही में चीन द्वारा जारी किया था। चीन, अरुणाचल प्रदेश में 90 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर अपना दावा करता है और नाम बदलने की यह चाल सीधे तौर पर भारतीय अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी की एक और नापाक कोशिश है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिकध्र चीन की कैबिनेट की स्टेट काउंसिल के नियमों के तहत इन नामों को बदला गया है। चीन के विशेषज्ञ इसे कानूनी तौर पर सही ठहरा रहे हैं। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने श्दक्षिण–पश्चिमी चीन के शिजांग स्वायत्त क्षेत्रश में इन नामों को बदला है। चीन के अखबार में जिसे दक्षिण–पश्चिम शिजांग स्वायत्त क्षेत्र बताया गया है, वह दरअसल अरुणाचल प्रदेश है। गौरतलब है कि चीन ने 1962 में भारत के साथ युद्ध में अरुणाचल प्रदेश के आधे से भी ज्यादा हिस्से पर कध्ब्जा कर लिया था। इसके बाद चीन ने एकतरफा युद्धविराम घोषित किया और चीन की सेना मैकमोहन रेखा के पीछे लौट गई। मैकमोहन रेखा ही भारत और तिब्बत के बीच सीमाओं का निर्धारण करती है। ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में ब्रिटेन के प्रशासक सर हेनरी मैकमोहन और तत्कालीन तिब्बत की सरकार के प्रतिनिधि ने शिमला पर हस्ताक्षर कर इस सीमा रेखा को तय किया था। मैकमोहन रेखा को दिखाने वाला नक्शा पहली बार वर्ष 1938 में ही आधिकारिक तौर पर प्रकाशित किया गया था। लेकिन चीन–शिमला समझौते को ये कहकर खारिज करता रहा कि तिब्बत पर चीन का अधिकार है और तिब्बत की सरकार के किसी प्रतिनिधि के हस्ताक्षर वाले समझौते को वो स्वीकार नहीं करेगा। चीन अरुणाचल प्रदेश को भी श्दक्षिणी तिब्बत का इलाकघ्श बताता आया है और तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से लेकर भारतीय प्रधानमंत्रियों के अरुणाचल दौरे पर आपत्ति जताता रहा है। भारत के इस पूर्वोत्तर राज्य पर अब नाम बदलने कर हक दिखाने की कोशिश चीन ने की है। अपने इस पड़ोसी राज्य की हरकत पर भारत के विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी है कि श्हमने ऐसी रिपोर्टें देखी हैं। ये पहली बार नहीं है जब चीन ने इस तरह का प्रयास किया है। हम इसे सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का हिस्सा है और हमेशा भारत का अभिन्न अंग बना रहेगा। नए नाम रखने के प्रयासों से ये सच्चाई नहीं बदलेगी।श किसी भी स्वायत्त, सम्प्रभु राज्य की सीमा में अगर कोई अतिक्रमण करे या उसके स्थलों के नाम बदले तो यही स्वाभाविक प्रतिक्रिया होनी चाहिए, जो भारत ने प्रकट की। सवाल ये है कि यही प्रतिक्रिया भारत कितने बार और कब तक देने का इरादा रखता है। दरअसल चीन ने पहली बार साल 2017 में छह जगहों के और फिर 2021 में 21 जगहों के नामों को अपने हिसाब से बदला था। तब भी भारत के विदेश मंत्रालय ने इसी तरह की प्रतिक्रिया दी थी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। ऐसे जवाब के बाद भी चीन अगर छह साल में तीन बार नाम बदलने की कोशिश करे, तो इसका अर्थ यही है कि या तो वह भारत के जवाब को सुन नहीं रहा है, या सुनने के बावजूद उसे मान नहीं रहा है। नाम बदलने के अलावा भारतीय इलाकों में घुसपैठ की कोशिश भी चीन करता रहा है, गलवान के जख्म इसके गवाह हैं। चीन की इस अतिक्रमणकारी नीति और विस्तारवादी एजेंडे से भारत को सख्ती से निपटना होगा। लेकिन इसकी शुरुआत तभी होगी, जब सरकार इस तथ्य को स्वीकार करेगी कि चीन हमारी सीमाओं में घुसपैठ कर रहा है। अभी तो सरकार इसे नकारने की मुद्रा में ही दिखती है। प्रधानमंत्री ने अब तक चीन का नाम लेकर आलोचना नहीं की। इंडोनेशिया में शिष्टाचार के नाते अगर प्रधानमंत्री मोदी खुद उठकर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हाथ मिलाने पहुंच गए, तब भी उन्हें ये सख्त संदेश देना चाहिए था कि शिष्टाचार और नैतिकता का अर्थ हमारी कमजोरी न समझा जाए। गलवान के बाद कई सैटेलाइट तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें बताया जाता है कि अरुणाचल प्रदेश के नजदीक चीन पूरी बसाहट का इंतजाम कर रहा है। इन खबरों में क्या सही है, क्या गलत, इसका खुलासा तो तभी होगा जब सरकार कोई स्पष्ट बयान जारी करेगी। लेकिन सरकार सुरक्षा का हवाला देते हुए चीन के मसले पर बात ही नहीं करती। और विपक्ष सवाल उठाए, तो जवाब देना जरूरी नहीं समझती। मीडिया में पाकिस्तान को देश के बड़े दुश्मन की तरह पेश किया जाता है, उसकी खस्ता आर्थिक हालात पर तंज कसे जाते हैं। जबकि आज के हालात में चीन से सबसे अधिक चुनौती भारत को मिल रही है। जब गलवान में भारतीय–चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी, तो भारत ने सख्ती दिखाने के नाम पर चीन के कुछ ऐप्स प्रतिबंधित कर दिए थे और व्यापार पर रोक लगाने की बात की थी। हालांकि व्यापार का सिलसिला कई तरह से चलता रहा, केवल आम जनता के लिए चीनी सामान का बहिष्कार राष्ट्रवाद के नए मंत्र के रूप में पेश किया गया था। अभी कुछ वक्त पहले विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने सामान्य बुद्धि का हवाला देते हुए कहा था कि चीन हमसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, तो हम उससे कैसे लड़ सकते हैं।

# ट्रंप पर मुकदमा, उनकी पौ बारह?

**जो लोग यह उम्मीद कर रहे हैं कि ट्रंप को उनके किए की सजा मिलेगी उन्हें निराशा ही हाथ लगने वाली है। निश्चित रूप से ट्रंप को अभियोजित किया जाना चाहिए। परंतु इस तरह के हास्यास्पद मामले में नहीं जिसमें कानून बहुत साफ है। यह स्पष्ट है कि अमेरिका की कानूनी मशीनरी और वहां की राजनीति ट्रंप कथा का अंत चाहती है परंतु जल्दबाजी में वे ऐसी गलतियाँ कर रहे हैं जिनसे ट्रंप ...**

श्रुति व्यास

डोनाल्ड ट्रंप वे पहले पूर्व राष्ट्रपति बने है, जिन पर आपराधिक केस दायर हुआ। उन्हे अमेरिका के ऐसे पहले राष्ट्रपति होने का तमगा भी हासिल है जिस पर दो बार महाअभियोग चल चुका है। इसके अलावा, वे अमेरिका के पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं जिसने जनता को अमेरिका की सरकार के खिलाफ विद्रोह करने के लिए उकसाया। और वे ऐसे पहले राष्ट्रपति बनेंगे जो एक गंभीर अपराध करने के बाद भी बच निकलेगा और शायद देश का 47वां राष्ट्रपति बने। मगर जिस मामले, जिस मुकदमें को लेकर अमेरिका अभी ऊबला हुआ है वह उतना ही बेहूदा और भद्दा है जितना कि राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल था।

जैसा कि मैंने पिछले हफ्ते लिखा था, ट्रंप इस सबका मजा ले रहे हैं। उनकी खुशी का एक कारण यह है कि उन पर आरोप लगने के बाद हुए जन सर्वेक्षणमें पाया गया है कि वे अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वियों, जिनमें उनके संभावित सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी फ्लोरिडा के गवर्नर रोन डेसांटिस शामिल हैं, से और आगे निकल गए हैं। वे सुर्खियों में है। हुडदंगी समर्थकों में उनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। रिपब्लिकन नेता ट्रंप के बचाव में आगे आ रहे हैं। वे ट्विटर पर डिस्ट्रिक्ट एटार्नी एल्विन ब्रेग की लानत–मलामत कर रहे हैं और ट्रंप के खिलाफ कार्यवाही को राजनीति से प्रेरित ठहरा रहे हैं।

अमेरिका में जो कुछ हो रहा है उसे देखकर भारत की याद आना स्वाभाविक है, जहाँ राजनैति दुश्मनी, बदलेकी आपराधिक कार्यवाही बहुत आम है और जहां सत्ता के सारे सूत्र अपने हाथों में होते हुए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता से शिकायत करते है कि ष्कुछ लोगों ने देश के अंदर और बाहर मेरी छवि खराब करने के लिए सुपारी दी है।ष

कुछ इसी तर्ज पर ट्रंप ने एक वीडियो मैसेज में कहा, श्अब हम आधिकारिक रूप से तीसरी दुनिया का देश बन गए हैं। हमारे देश के इतिहास में अब तक किसी राष्ट्रपति पर इतना तीखा और घिनौना हमला नहीं हुआ है। वे मुझे खरीद नहीं सकते, वे मुझे नियंत्रित नहीं कर सकते और यह बात उन्हें बुरी तरह डरा रही है।ष

इसी प्रचार को आगे ले जाते हुए सीएनएन से अपने इंटरव्यू में पूर्व उपराष्ट्रपति माईक पेंस ने कहा कि ट्रंप पर आरोप लगाने से देश बंट जाएगा। क्रिशियन साईंस मानीटर में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार ष्सवाना, जार्जिया के बंदरगाहों के कर्मियों से लेकर टेक्सास के विद्वानों और रणनीतिकारों तक, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप लगाए जाने की खबर एक बुरी तरह बंटे हुए देश में पसर रही है।ष

अमेरिकामें मूड बदल रहा है। कई अमेरिकियों के लिए यह आशा जगाने वाली खबर है तो कई के लिए ईशनिंदा जैसा घोर गंभीर अपराध। लगता है अमरीकी समाज विवेकपूर्ण ढंग से विचार नहीं कर रहा है। आरोप लगाए जाने के 24 घंटे के भीतर ट्रंप के चुनाव प्रचार फंड में 40 लाख डालर आ गए और 16 हजार व्यक्तियों ने चुनाव में उनका वालंटियर बनने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया।

आरोप ठीक–ठीक क्या हैं यह अभी पता नहीं है। डिस्ट्रिक्ट एटार्नी एल्विन ब्रेग ने अभियोग संबंधी दस्तावेजों को सीलबंद लिफाफे में पेश किया है।ट्रंप की लीगल टीम के कुछ सदस्य मानते हैं कि ट्रंप पर व्यापारिक लेखों में झूठी जानकारी दर्ज कर गंभीर अपराध करने का आरोप लगाया जाएगा।

ट्रंप के एक वकील जो टेकोपिना ने एनबीसी टुडे शो में बताया कि उनका मुवक्किल, प्ली बार्गेन (कम गंभीर अपराध कारित करने की स्वीकारोक्ति) पर विचार नहीं करेगा।श्कोई अपराध हुआ ही नहीं है,ष टेकोपिना ने कहा।

जनता की निगाहों में ट्रंप अन्याय का शिकार बेचारा बन चुके हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह मामला बहुत कमजोर है। अगर किसी मामले में उन पर मुकदमा चलता चाहिए था तो वह है 6 जनवरी की संसद भवन हिंसा थी। परंतु वह मामला ठंडे बस्ते में है।

डोनाल्ड ट्रंप का राजनैतिक ग्राफ ऊपर चढ़ रहा है। उनकी राजनैतिक महत्वाकांक्षाओं को नए पंख लग गए हैं और दुनिया इस दृश्य को देखकर मगन होकर देख रही है। कल जब ट्रंप अदालत में पेश होंगे तो न तो उन्हें हथकड़ी लगाई जाएगी और ना इस तरह ले जाया जाएगा कि मीडिया उसे कवर कर सके। अभी इस बात पर विचार चल रहा है कि उन पर अभियोग लगाए जाते समय की फोटो जारी की जाए या नहीं। ट्रंप तो चाहते हैं कि यह फोटो सार्वजनिक हो क्योंकि उससे उनकी छवि चमकेगी और उनके चुनाव फंड में और धन आएगा। अगर वे दोषी पाए जाते हैं तब भी वे राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकते हैं और अगर वे निर्दोष पाए गए तो वे यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में भारी हिंसा और गड़बडियां हों। उनके पास पहले से ही ऐसे आरोपों की लंबी फेहरिस्त है जिनसे वे मुक्त हो चुके हैं। इसमें एक और मामला जुड़ जायेगा।

वे देश के 47वें राष्ट्रपति बन सकेंगे या नहीं यह अभी कहना मुश्किल है परंतु यह पक्का है कि इससे रिपब्लिकन प्रायमरी में उनकी जीत की राह बन जाएगी। अन्य उम्मीदवारों के लिए एक ऐसे व्यक्ति से मुकाबला करना कठिन होगा जिसके बारे में वे खुद ही कह रहे हैं कि वह राजनैतिक बदले का शिकार है। कल के घटनाक्रम पर दुनिया की निगाहें होगी। अदालत में क्या होगा उससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि अदालत के बाहर क्या होगा। जो लोग यह उम्मीद कर रहे हैं कि ट्रंप को उनके किए की सजा मिलेगी उन्हें निराशा ही हाथ लगने वाली है। निश्चित रूप से ट्रंप को अभियोजित किया जाना चाहिए। परंतु इस तरह के हास्यास्पद मामले में नहीं जिसमें कानून बहुत साफ है। यह स्पष्ट है कि अमेरिका की कानूनी मशीनरी और वहां की राजनीति ट्रंप कथा का अंत चाहती है परंतु जल्दबाजी में वे ऐसी गलतियाँ कर रहे हैं जिनसे ट्रंप की स्थिति और मजबूत हो रही है। कहीं ऐसा न हो कि सांप भी न मरे और लाठी भी टूट जाए।




# आईपीएल 2023 में दिल्ली को मिली दूसरी हार, जीत के साथ टॉप पर पहुंची गुजरात, ये रहे हार के कारण

आईपीएल 2023 में सातवां मुकाबला काफी रोमांचक रहा। इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल और गुजरात टाइटंस दोनो को ही की तोड़ मेहनत करनी पड़ी ताकि मुकाबला जीत सके। अंत में जीत गुजरात की हुई। इस दक्षिण दिल्ली की हार के कई कारण रहे।

साई सुदर्शन ने छीनी दिल्ली से जीतः इस मुकाबले में साई सुदर्शन ने दिल्ली की टीम से जीत छीन ली। एक समय ऐसा था जब गुजरात 53 रनों पर तीन विकेट गवां चुकी थी। इस दौरान साई सुदर्शन ने पारी को संभाला। 21 वर्षीय इस युवा खिलाड़ी ने टीम को कमजोर पड़ता देख खुद मजबूती दिखाई और पारी को एक छोर से संभालते रहे। उन्होंने साथी बल्लेबाज विजय शंकर के साथ



चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की, जो टीम के लिए जीतने वाली साबित हुई। विजय शंकर के आउट होने के बाद सुदर्शन ने डेविड मिलर के साथ पारी जारी रखी। दोनों के बीच 29 गेंदों में 56 रनों की पार्टनरशिप हुई जिसने गुजरात को जीत दिलाई।

इंपैक्ट प्लेयर ने किया कमाल गुजरात जायंट्स के इंपैक्ट प्लेयर विजय शंकर ने भी मुकाबले में दमदार पारी खेली जिससे टीम को जीत में मदद मिली। कप्तान हार्दिक पांड्या ने विजय शंकर को प्लेइंग 11 में शामिल नहीं किया था मगर बैटिंग करने के लिए उन्होंने जोशुआ लिटिल की जगह विजय शंकर पर भरोसा जताया। वहीं विजय शंकर ने हार्दिक पांड्या के भरोसे पर खरा उतरते हुए गुजरात को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 23 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 29 रनों की पारी खेली जो गुजरात की जीत के लिए बेहद उपयोगी साबित हुई। उनका स्ट्राइक रेट 126.9 का रहा। मुकेश ने फेंका महंगा ओवरः दिल्ली की टीम के गेंदबाज भी टीम का साथ नहीं दे सके। तेज गेंदबाज मुकेश ने 16वें ओवर में पूरा मैच गुजरात के पाले में पहुंचा दिया। इस ओवर तक गुजरात को 30 गेंदों में 46 रनों की जरुरत थी, मगर डेविड मिलर मुकेश पर कहर बनकर टूटे। तेज गेंदबाज की फिरकी पर मिलर ने 2 छक्के और एक चौका जमाया। इस 16वें ओवर में गुजरात की टीम से रनों का बोझ काफी कम हुआ। इसके बाद अंतिम चार ओवर में गुजरात को महज 26 रनों की दरकार थी, जिसे टीम ने सिर्फ 13 गेंदों में ही हालिस कर लिया और मुकाबला जीत लिया।

# आईपीएल में स्ट्रगल कर रहे इस खिलाड़ी पर बरसे वीरेंद्र सहवाग, कर दी शुभमन गिल से तुलना

इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में दिल्ली कैपिटल्स की टीम दो मुकाबले गंवा चुकी है। इस लीग में टीम के नियमित कप्तान ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में डेविड वार्नर टीम की कप्तानी कर रहे है मगर टीम के खिलाड़ी फिसड्डी साबित हो रहे है।



शुरुआती दो मुकाबलों में वॉर्नर की कप्तानी में टीम ने दोनों मैच गंवा दिए। इन मुकाबलों में ओपनिंग करने डेविड वॉर्नर और पृथ्वी शॉ मैदान पर उतरे है। ओपनर के तौर पर पृथ्वी शॉ दो मुकाबलों में कोई खास कमाल नहीं कर सके है। दोनों ही मुकाबलों में पृथ्वी शॉ का फ्लॉप शो देखने को मिला है। हर मैच में पृथ्वी की खराब पर्फॉर्मेंस टीम को मुश्किलों में डाल रही है। दिल्ली कैपिटल्स का पहला मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ था। इस मुकाबले में पृथ्वी शॉ महज 12 रन के छोटे से स्कोर पर मार्क वुड का शिकार होकर आउट हो गए। दिल्ली के अपने मैदान में खेले गए दूसरे मुकाबले में भी वो जद्दोजहज करते नजर आए। इस मैच में वो पांच गेंदों में सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मोहम्मद शमी ने उन्हें अपना शिकार बनाया। दोनों ही मुकाबलों में खराब प्रदर्शन करने के बाद भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग ने उनपर गुस्सा जाहिर किया है।

शुभमन गिल से कर दी तुलनाः वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि पृथ्वी शॉ अपनी गलतियों से सबक लेते हुए नहीं दिख रहे है। उन्होंने पृथ्वी शॉ की तुलना शुभमन गिल से करते हुए कहा कि दोनों ने साथ में अंडर 19 खेला है मगर एक आईपीएल में भी जूझ रहा है जबति दूसरा भारत के लिए तीनों ही फॉर्मेट में दमदार खेल दिखा रहा है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के दमदार खिलाड़ी ऋतुराज गायकवाड़ का जिक्र करते हुए कहा कि आईपीएल के एक सीजन (2021) में वो भी 600 रन बना चुके है। शुभमन गिल आज के समय में पृथ्वी शॉ से आगे निकल गए है।

उन्होंने कहा कि ये पहला मौका नहीं है जब पृथ्वी शॉ इस तरह का शॉट खेलते हुए अपना विकेट गंवा बैठे हैं। इससे पहले भी वो इस तरह के शॉट खेलते हुए पवेलियन लौटे है। अब समय है कि वो अपनी गलतियों से सीखें। इस समय उन्हें आईपीएल को दमदार प्लेटफॉर्म के तौर पर उपयोग करते हुए ताबड़तोड़ रन बनाने चाहिए।

आंकड़ों पर नजर डालें तो पृथ्वी शॉ 65 पारियों में 24.72 के औसत से कुल 1607 रन बना चुके है। उन्होंने 65 पारियों में से सिर्फ 12 पारियों में ही अर्धशतक जड़ा है। उनका स्ट्राइक रेट 147.3 का रहा है। उन्होंने करियर में कोई बड़ी पारी नहीं खेली है जिससे अपने घटिया प्रदर्शन वो टीम के लिए फिसड्डी साबित हो रहे है।

# ऋषभ पंत की एक्सीडेंट के बाद हुई स्टेडियम में वापसी, खिलाड़ी को देख खिला फैंस का चेहरा

दिल्ली कैपिटल्स के नियमित कप्तान ऋषभ पंत इस बार आईपीएल सीजन में नहीं खेल रहे है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम उनके बीना ही हिस्सा ले रही है। वहीं टीम को उनकी कमी खल रही है जो कि टीम के लगातार प्रदर्शन से पता चल रहा है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ चार अप्रैल को खेले गए मुकाबले में दिल्ली को अपने ही ग्राउंड पर मात खानी पड़ी। इस टूर्नामेंट पर अपनी ही ग्राउंड में हारने वाली दिल्ली दूसरी टीम बनी है। इससे पहले दो अप्रैल को खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के होम ग्राउंड पर राजस्थान रॉयल्स ने टीम को 72 रनों के बड़े अंतर से मात दी थी।

वहीं गुजरात के खिलाफ मैदान में उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम भले ही ऋषभ पंत के बिना मैदान पर उतरी हो मगर टीम को समर्थन करने के लिए ऋषभ पंत जरुर स्टेडियम पहुंचे थे। इस दौरान ऋषभ पंत ने सफेद टी शर्ट और सनग्लास सपोर्ट किए थे। वो स्टेडियम में बैठकर अपनी टीम को चीयर करते दिखे थे। इस दौरान वो फैंस के साथ भी फोटोज खिंचवाते हुए नजर आए। फैंस को उन्होंने हाथ हिलाकर अभिवादन भी किया।

वहीं ऋषभ पंत के लिए स्टेडियम में खास इंतजाम किए



गए थे। मैच देखने के लिए ऋषभ खास जगह बैठे। उनके लिए अस्थायी रैंप भी बनाया गया था क्योंकि वो अधिक चल नहीं पा रहे हैं और अब भी व्हील चेयर का सहारा लेते है। इस दौरान ऋषभ पंत स्टेडियम से बैठकर अपनी टीम का आत्म विश्वास बढ़ाते दिखे। बता दें कि टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की इच्छा थी की ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के मैच के दौरान स्टेडियम में आए। वो किसी भी रूप में टीम का हिस्सा रहें।

जानकारी के मुताबिक रिकी पोंटिंग ने कहा था कि मैं चाहता हूं कि वो हर मुकाबले में डगआउट में मेरे पास बैठे हों। मगर ये संभव नहीं है तो हम कोशिश करेंगे कि उन्हें टीम का हिस्सा बनाए रखें। हम ऋषभ को रिकवरी के दौरान बताना चाहते हैं कि उसकी कमी टीम को खलती है। वो ही टीम का लीडर भी है।

ऋषभ का हुआ था एक्सीडेंट

दिसंबर 2022 में दिल्ली से रूढ़की जाते समय ऋषभ की गाड़ी का जबरदस्त एक्सीडेंट हुआ था जिसमें उनकी जान बाल बाल बची थी। इस एक्सीडेंट से ऊबरने के लिए ऋषभ पंत की घुटने और टखने के लिगामेंट की सर्जरी की गई है। इस एक्सीडेंट के बाद ऋषभ पंत की रिकवरी जारी है। हालांकि वो अभी मैदान पर लौटने में सक्षम नहीं है।

# चेल्सी और लिवरपूल का मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा

लंदन। चेल्सी और लिवरपूल का निराशाजनक प्रदर्शन जारी



है और इन दोनों टीमों के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को खेला गया मैच गोलरहित ड्रा छूटने से इनकी चौंपियंस लीग में जगह बनाने की संभावना क्षीण पड़ गई है। चेल्सी ने रविवार को मुख्य कोच ग्राहम पॉटर को बर्खास्त कर दिया था लेकिन उनकी जगह अंतरिम कोच का पद संभालने वाले ब्रूनो साल्टर के आने से भी टीम का भाग्य नहीं बदला। लिवरपूल के अब 28 मैचों में 43 अंक हैं और वह आठवें स्थान पर है। चेल्सी के 29 मैचों में 39 अंक हैं और वह 11वें स्थान पर है। अन्य मैचों में एस्टन विला ने लीस्टर सिटी को 2–1 से, लीड्स यूनाइटेड ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2–1 से और ब्राइडन ने बोर्नमाउथ को 2–0 से हराया।

## करण कटारिया को लंदन में मिली हिंदू होने की सजा, एलएसई के छात्र को इलेक्शन से अयोग्य घोषित कराने के पीछे का क्या है राहुल गांधी कनेक्शन!

लंदन के एक कॉलेज में भारतीय मूल के छात्र के साथ धर्म



और देशविरोधी बयानों के खिलाफ बोलने को लेकर भेदभाव किए जाने का मामला सामने आया है। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (ऽैम्) में अंतरराष्ट्रीय कानून में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे एक भारतीय छात्र का दावा है कि छात्र संघ के चुनाव से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उसे कैंपस में हिंदू और भारतीय होने के कारण क्रूर नस्लवाद का सामना करना पड़ा। अब इसको लेकर एक मीडिया रिपोर्ट में बड़ा दावा किया गया है कि इस अभियान को कथित तौर पर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की करीबी द्वारा आकार दिया गया। फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस नेता राहुल गांधी की करीबी सहयोगी रही मुकुलिका बनर्जी ने दक्षिणपंथी, विशेष रूप से आरएसएस के साथ संबंध होने के कारण करण कटारिया के खिलाफ इस घृणा अभियान को चलाया। सूत्रों ने फर्स्टपोस्ट को बताया कि छात्रों के मामलों में बनर्जी के इस हस्तक्षेप को पहले ही लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स प्रशासन के संज्ञान में लाया जा चुका हैं। फर्स्टपोस्ट से बात करते हुए करण कटारिया ने कहा कि वह भारत के सम्मान की रक्षा के लिए सब कुछ करेंगे। फर्स्टपोस्ट ने मुकुलिका बनर्जी के कुछ व्हाट्सएप चौट के एक्सेस होने का भी दावा किया है और इसी आधार पर करन के खिलाफ उनके अभियान का खुलासा किया है। हालांकि प्रभासाक्षी इस तरह के किसी दावे का समर्थन नहीं करता और हमने फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट में कही गई बातों को ही यहां प्रस्तुत किया है। इतना ही नहीं, फर्स्टपोस्ट को एक कॉल रिकॉर्डिंग भी मिली है, जिसमें छात्रों में से एक को यह दावा करते हुए सुना जा सकता है कि मुकुलिका बनर्जी ने उसे यह बताने के लिए बुलाया था कि करण के आरएसएस और हिंदू संगठनों के साथ संबंध थे। मुकुलिका बनर्जी लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस में मानव विज्ञान की प्रोफेसर हैं और एलएसई के दक्षिण एशिया केंद्र की उद्घाटन निदेशक हैं। वह लंबे समय से पश्चिमी प्रेस में श्मुस्लिम अंडर अटैक इन इंडियाश जैसे मुद्दों को हवा दे रही हैं। सूत्रों के अनुसार, लंदन में अकादमिक और नीतिगत हलकों में उनका ओहदा बहुत प्रभावशाली हैं। सूत्रों ने दावा किया कि वह अपने पाठ्यक्रमों, शिक्षण और पर्यवेक्षण के माध्यम से वाम–उदारवादी, हिंदू–विरोधी प्रचार कर रही हैं। मुकुलिका राहुल गांधी की श्भारत जोड़ो यात्राश में शामिल हुई थीं और उन्होंने लंदन में उनकी मेजबानी की थी।

# भारत के विरोध के बावजूद नहीं रुका ड्रैगन

## कहा- नाम बदलना हमारे संप्रभु अधिकारों के दायरे में, जंगनान चीन के क्षेत्र का हिस्सा

भारत द्वारा अरुणाचल प्रदेश में 11 स्थानों के नाम बदलने के चीन के फैसले को दृढ़ता से खारिज करने के एक दिन बाद चीन ने कहा कि जंगनान उनके देश के क्षेत्र का हिस्सा है और चीन के संप्रभु अधिकारों के भीतर है। यह पूछे जाने पर कि चीन



ने अरुणाचल प्रदेश में इन स्थानों का नाम क्यों बदला, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एएफपी को बताया कि जंगनान चीन के क्षेत्र का हिस्सा है। राज्य परिषद के भौगोलिक नामों के प्रशासन की प्रासंगिक शर्तों के अनुसार, चीन के सक्षम अधिकारी सरकार ने जंगनान के कुछ हिस्सों के नामों का मानकीकरण किया है। यह चीन के संप्रभु अधिकारों के भीतर है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर फिर से अपने दावे पर जोर देने के मकसद से इस भारतीय राज्य के लिए चीनी, तिब्बती, पिनयिन अक्षरों में नामों की तीसरी लिस्ट जारी की है। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 जगहों के मानकीकृत नाम जारी किए हैं। चीन के नए लिस्ट में अरुणाचल के 11 इलाकों के नाम बदले हुए हैं। जिनमें दो जमीनी और दो रिहायिशी इलाके हैं। जबकि पांच पहाड़ियांऔर दो नदियों के नाम भी शामिल है। चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा मानता है। हालांकि यह पहली बार नहीं है कि चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश के लिए मानकीकृत भौगोलिक नामों का एक बैच जारी किया है। अरुणाचल में छह स्थानों के मानकीकृत नामों का पहला बैच 2017 में जारी किया गया था, और 15 स्थानों का दूसरा बैच 2021 में जारी किया गया था।

# 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन के लिए ट्रंप कार्ड साबित होगा ये अदालती प्रकरण?

न्यूयॉर्क की अदालत में डोनाल्ड ट्रम्प के आरोप ने राजनीतिक विभाजन को और अधिक बढ़ा दिया है। रिपब्लिकन सांसदों ने पूर्व राष्ट्रपति के पीछे लामबंद होकर इसे राजनीतिक अभियोग बताया है। जबकि डेमोक्रेट्स ने जोर देकर कहा कि उन पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत थे। यूएस कैपिटल से मंगलवार को आए कई बयानों से पता चलता है कि दोनों तरफ से जंग का आगाज हो चुका है। अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स के बीच तीखी नोंकझोंक देखने को मिल सकती है। डेमोक्रेटिक सीनेटर जैक रीड ने कहा कि अभियोग और तथ्यों के बयान



की त्वरित समीक्षा करने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प को मुकदमे में डालने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। अपराधबोध के सवाल का निर्धारण ट्रंप के साथियों की जूरी करेगी। पूरी तस्वीर को अभियोजन पक्ष द्वारा खुली अदालत में चित्रित करने की आवश्यकता होगी रिपब्लिकन कांग्रेसी जो विल्सन ने इसे अमेरिकी न्यायिक प्रणाली के विध्वंस के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट डेमोक्रेट्स द्वारा अमेरिकी न्यायिक प्रणाली की शर्मनाक राजनीतिक तोड़फोड़ मेरी प्रारंभिक निंदा की पुष्टि करती है। विल्सन ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का झूठा मुकदमा ट्रम्प डिरेंजमेंट सिंड्रोम का एक परेशान करने वाला है, जहां आम तौर पर समझदार अधिकारी नाम सुनते ही घृणा से भर जाते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रिहा कर दिया गया है। पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स से जुड़े आपराधिक मामले में मंगलवार को मैनहैटन की अदालत में पेश होने पहुंचे ट्रंप को गिरफ्तार कर लिया गया था। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने ट्रंप को करीब 1.22 लाख डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया। जुर्माना राशि स्टॉर्मी डेनियल्स को दी जाएगी। सुनवाई के बाद ट्रंप कोर्ट से रवाना हो गए।

## अरुणाचल प्रदेश पर चीन की बुरी नजर, भारत के बाद अब अमेरिका ने भी ड्रैगन को लताड़ा

चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में 11 स्थानों का नाम बदलने के



बाद संयुक्त राज्य अमेरिका ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जिसे व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता दी गई है और इलाकों का नाम बदलकर क्षेत्रीय दावों को आगे बढ़ाने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करता है। चीन ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में 11 और स्थानों के लिए चीनी नामों की घोषणा की, जिसे पड़ोसी देश तिब्बत का दक्षिणी हिस्सा होने का दावा करता है। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय द्वारा रविवार को 11 स्थानों के आधिकारिक नाम जारी किए गए। बदले हुए नामों में पर्वत चोटियों, नदियों और आवासीय क्षेत्रों के नाम शामिल हैं। यह तीसरी बार था जब चीन ने अप्रैल 2017 में और दिसंबर 2021 में एकतरफा रूप से अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदला था। किसी भी एकतरफा प्रयास का पुरजोर विरोध : व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन–पियरे ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने उस क्षेत्र (अरुणाचल प्रदेश) को लंबे समय से (भारत के अभिन्न अंग के रूप में) मान्यता दी है। और हम इलाकों का नाम बदलकर क्षेत्रीय दावों को आगे बढ़ाने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करते हैं। जीन–पियरे ने अपने दैनिक समाचार सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि यह कुछ ऐसा है जिस पर हम लंबे समय से कायम हैं। चीन के दावे पर भारत की कड़ी प्रतिक्रियाः इस बीच चीन के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने अरुणाचल प्रदेश में कुछ जगहों के नाम बदलने के बीजिंग के कदम को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय (डम्।) ने दृढ़ता से कहा कि राज्य भारत का एक अभिन्न अंग है और श्आविष्कृतश नाम देने से यह वास्तविकता नहीं बदलती है। हमने ऐसी रिपोर्ट देखी हैं। यह पहली बार नहीं है जब चीन ने इस तरह का प्रयास किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हम इसे सिरे से खारिज करते हैं।

## कार्यालय : ग्राम पंचायत–देवरिया
### विकास खण्ड–मिठवल ,जनपद–सिद्धार्थनगर

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 17.04.2023 को अपराह्न 11.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 17.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **देवरिया** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा ।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा ।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा ।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी ।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये ।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी ।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा ।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा ।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **देवरिया** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **देवरिया** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **देवरिया** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**फखरुद्दीन**
**ग्राम पंचायत–देवरिया**
**वि0 खंड–मिठवल**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**सचिव**
**बिकेन्द्र यादव**
**ग्राम पंचायत–देवरिया**
**वि0 खंड–मिठवल**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत–महदेवा नानकार
### विकास खण्ड–नौगढ़ ,जनपद–सिद्धार्थनगर

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 15.04.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 15.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **महदेवा नानकार** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा ।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा ।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा ।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी ।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये ।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी ।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा ।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा ।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **महदेवा नानकार** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।13. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **महदेवा नानकार** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **महदेवा नानकार** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**श्री बुद्धि सागर चौरसिया**
**ग्राम पंचायत–महदेवा नानकार**
**वि0 खंड–नौगढ़**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**सचिव**
**तनुश्री ओझा**
**ग्राम पंचायत–महदेवानानकार**
**वि0 खंड–नौगढ़**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत–मत्रीजोत
### विकास खण्ड–भनवापुर ,जनपद–सिद्धार्थनगर

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 08.04.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 01.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 12.04.2023 से 14.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **मत्रीजोत** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा ।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा ।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा ।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी ।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये ।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी ।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा ।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा ।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **मत्रीजोत** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **मत्रीजोत** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **मत्रीजोत** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**धर्मेन्द्र**
**ग्राम पंचायत–मत्रीजोत**
**वि0 खंड–भनवापुर**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**सचिव**
**अजीत कुमार**
**ग्राम पंचायत–मत्रीजोत**
**वि0 खंड–भनवापुर**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय :ग्राम पंचायत–देवरिया चमन
### विकास खण्ड–भनवापुर,जनपद–सिद्धार्थनगर

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 12.04.2023 को अपराह्न 01.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 01.04.2023 से 12.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **देवरिया चमन** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा ।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा ।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा ।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी ।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये ।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी ।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा ।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा ।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **देवरिया चमन** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **देवरिया चमन** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **देवरिया चमन** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**रितेश कुमार चतुर्वेदी**
**ग्राम पंचायत–देवरिया चमन**
**वि0 खंड–भनवापुर**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**सचिव**
**रणविजय यादव**
**ग्राम पंचायत–देवरिया चमन**
**वि0 खंड–भनवापुर**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत–चिताही
### विकास खण्ड–भनवापुर ,जनपद–सिद्धार्थनगर

**–:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:–**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 12.04.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 06.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 012.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **चिताही** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा ।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा ।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा ।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी ।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़्कर प्रस्तुत की जाये ।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी ।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा ।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा ।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **चिताही** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **चिताही** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा ।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **चिताही** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**सुनीता देवी**
**ग्राम पंचायत–चिताही**
**वि0 खंड–भनवापुर**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

**सचिव**
**हरिराम**
**ग्राम पंचायत–चिताही**
**वि0 खंड–भनवापुर**
**जनपद–सिद्धार्थनगर**

# प्रेमी बोलाः एक सप्ताह पहले हुई थी प्रेमिका से मुलाकात

देवरिया। प्रेमी ने पुलिस को बताया कि किशोरी से उसकी आए दिन बात होती थी। उसका मृतका के घर अक्सर आना–जाना होता था। इसी दौरान उनकी नजदीकियां बढ़ गई। उसने बताया कि जिस दिन से किशोरी गायब थी उसके एक सप्ताह पहले उसकी मुलाकात भी हुई थी। प्रेमिका ने बताया था कि पेट में पल रहे बच्चों को लेकर मां से विवाद भी हुआ था। अक्सर घर के लोग दबाव भी बनाते थे कि तुम शादी उसी से कर लो जिससे तुम्हारा संबंध है। यह बात कहते ही प्रेमी की आखें डबडबा गईं।

उसने थाना प्रभारी को बताया कि उसके दो अन्य साथियों से भी इन दिनों प्रेमिका की नजदीकी चल रही थी, जो खटक रही थी। अगर हम गुनाह किए रहते तो उसके लापता होते ही घर छोड़ कर फरार हो गए होते। उसने बताया कि जब वह सुबह गांव में स्थित एक दुकान पर पहुंचा तो उसे पता चला कि प्रेमिका के परिजनों को पुलिस लेकर चली गई है। यह बात सुनते ही वह तुरंत घर आया और रिश्तेदारी में जाने के लिए तैयार होने लगा। इसी बीच पुलिस घर आ धमकी और उसे हिरासत में ले लिया। प्रेम संबंधा को लेकर प्रेमिका के घर में अक्सर होता था बवालः शव मिलने के समय से ही किशोरी की मां और उसकी चाची पुलिस के सामने यह कहते रहे कि जो होना था हो गया। किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। फिर किसने ऐसा कर दिया, पता नहीं, लेकिन उन्हें किसी झमेले में नहीं पड़ना। चाची और चचेरी बहन ने पुलिस को बताया कि आए दिन किशोरी के प्रेम संबंध को लेकर घर में बवाल होता था। घरवाले उसके साथ मारपीट भी करते थे और प्रेमी से न मिलने की चेतावनी भी देते थे।

जब उसके गर्भवती होने की जानकारी हुई तो घरवाले बहुत शर्मिंदा थे। गांव के कुछ लोग छींटाकशी भी करने लगे थे। इससे किशोरी के प्रति स्नेह कम को गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने प्रेमी के घर आने–जाने के बारे में पूरी जानकारी हम लोगों से ली है। गांव में पसरा सन्नाटाः किशोरी की हत्या के बाद गांव के लोग सहम गए। ताबड़तोड़ पुलिस की गाड़ी गांव में पहुंचने और हिरासत में लेने की जानकारी होते ही गांव के ज्यादातर लोग अपने घरों को छोड़कर बाहर निकल गए। जो हैं, वह भी अब खुलकर बोलने से बच रहे हैं। आमतौर पर गांव से होकर गुजरने वाला मुख्य मार्ग सुनसान पड़ा रहा।

दो अनसुलझे सवालों में छिपा है किशोरी की मौत का राज

देसही देवरिया। हिरासत में लिए गए सभी आरोपियों के मोबाइल का पुलिस सीडीआर का डिटेल खंगाल रही है। पुलिस दो बिंदुओं पर गहनता से पूछताछ कर रही है। पुलिस को शक है कि किशोरी की हत्या में उसके करीबियों का ही हाथ है। पुलिस का मानना है कि किशोरी के गर्भवती होने के बाद या तो शादी के लिए प्रेमी पर दबाव बना रही हो, जिससे आजिज आकर उसने हत्या को अंजाम दे दिया। वहीं दूसरी तरफ पुलिस को शक है कि परिजन भी झूठी शान में किशोरी की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव ठिकाने लगा दिया। पुलिस का मानना है कि जिस जगह शव मिला है, उस जगह को आसपास के लोग ही जानते हैं।

# बढ़ रही स्कूलों की फीस, कट रही अभिभावकों की जेब

महराजगंज। कोरोना काल के बाद स्कूलों की फीस में नियमित रूप से बढ़ोतरी हो रही है। कमाई व आय का जरिया जस का तस है। ऐसे में बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षित करने में जेब पर अधिक बोझ पड़ रहा है। इसी तरह नियमित रूप से फीस बढ़ी तो भविष्य में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की उम्मीदों पर पानी फिर जाएगा। ये बातें गांधी नगर के रहने वाले पवन कुमार वर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि बड़ी बेटी पहले धनेवा स्थित एक स्कूल में पढ़ती थी तो फीस लगभग 1250 रुपये प्रतिमाह लगता था। पिछले वर्ष शास्त्री नगर वार्ड के स्कूल में प्रवेश कराया तो फीस 30 प्रतिशत बढ़ गई, इस बार उसे 50 प्रतिशत बढ़ा दिया गया। तीन से चार वर्षों में फीस का स्तर जहां दोगुना हो गया, वहीं, कमाई का जरिया जस का तस बना हुआ है। ऐसे में शिक्षा के लिए भविष्य की राह दिन–प्रतिदिन कठिन हो रही है। शास्त्री नगर के रहने वाले गोविंद वर्मा ने कहा कि उनका पोता भी वार्ड के ही एक स्कूल में पढ़ता है। कोरोना काल से लेकर अब तक स्कूल की फीस में 30 से 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से समस्या बढ़ रही है। आज के परिवेश में शिक्षा सभी के लिए जरूरी है। इसकी महत्ता को देखते हुए स्वयं की सुविधाओं से समझौता कर पढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कमाई का जरिया नहीं बढ़ा। इससे अधिकांश अभिभावकों पर अनावश्यक का दबाव भी बढ़ रहा है।

# कोरोना : घबराएं नहीं, सावधान रहने की जरूरत

देवरिया। देश में कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। सीएमओ डॉ. राजेश कुमार झा ने विभागीय अधिकारियों के साथ अपने कार्यकक्ष में बैठक की। कोरोना से निपटने के इंतजामों को पुख्ता करने की योजना बनाई गई। सीएमओ ने कोराना की जांच बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना से घबराने की नहीं, सावधान रहने की जरूरत है। सीएमओ ने बताया कि जिले में अभी एक भी कोरोना के केस नहीं मिले हैं। देश व प्रदेश में संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। इससे किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। वायरस पहले के मुकाबले काफी कमजोर है। फिर भी हमें सावधानी बरतनी होगी। लोगों को भीड़–भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए। मास्क का प्रयोग करें और नियमित साफ–सफाई पर ध्यान दें। उन्होंने बताया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रो को जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। पहले जिले में ढाई सौ जांच रोजाना हो रहे थे। अब इसे बढ़ाकर चार सौ तक किया जाएगा। अन्य जरूरी सुविधा संसाधनों को पुख्ता किया जा रहा है। 11 व 12 अप्रैल को मॉकड्रील कराया जाएगा। स्वास्थ्य अधिकारी सुविधाओं का जायजा लेंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में बिस्तर, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन प्लांट, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और वेंटिलेटर समेत जरूरी सामान व उपकरण की उपलब्धता का आकलन किया जाएगा। ऐसे करें बचाव – हाथों को साबुन पानी से धोएं या सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। – बिना हाथ धोए आंख, नाक, मुंह को छूने से बचें। – खांसते या छींकते वक्त रूमाल या कोहनी का इस्तेमाल करें। – भीड़–भाड़ वाली जगहों पर बिना मास्क के न जाएं। – कोरोना के लक्षण महसूस होने पर चिकित्सक से परामर्श लें।

# दो विदेशी महिलाओं को दो साल का सश्रम कारावास

महराजगंज। अवैध रूप से नेपाल से भारत में प्रवेश करने के मामले में विदेशी दो महिलाओं को दो वर्ष का सश्रम कारावास व जुर्माना की सजा न्यायालय ने दी है। सोनौली क्षेत्र में वर्ष 2021 में अवैध रूप से भारत में नेपाल से प्रवेश करते समय उज्बेकिस्तान की दो महिलाएं रुखसाना सुल्तनोवा व एमिनोवा मेवलूडा को दोषी पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने दो वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 20,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। इन दोनों विदेशी महिलाओं को नेपाल से भारत में प्रवेश कराए जाने के मामले में शाह आलम शेख निवासी गोरखपुर व शमसुद्दीन खान निवासी मुड़िया नौतनवां को दोषी पाए जाने पर दो–दो वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 20,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। 30 सितंबर 2021 को थाना सोनौली के प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय टीम के साथ सिरौली में मौजूद थे। सूचना मिलने पर भगवानपुर पहुंचे तो वहां से दो विदेशी महिलाओं को नेपाल से भारत में प्रवेश करने के दौरान गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि ये दोनों महिलाएं उज्बेकिस्तान की रहने वाली हैं। इसके बाद से वे जेल में बंद हैं। विवेचक ने न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। विशेष लोक अभियोजक ने गवाही कराकर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य व सबूतों के आधार पर सजा सुनाई है।

# 'क्रिकेट प्रतियोगिता जे पी एल 11 के फाइनल में पहुंची अमर नमकीन एवं मां अम्बे एकादश'

**गोरखपुर** ।स्थानीय सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम गोरखपुर मे जेसीआई गोरखपुर मिडटाउन के अंतर्गत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता जे पी एल 11 के फाइनल में पहुंची अमर नमकीन एवं मां अम्बे एकादश संस्था के पूर्व अध्यक्ष जेसी अशोक अग्रवाल ने टास करा कर एवं खिलाड़ियों से परीचय प्राप्त कर के किया मैच का शुरुआत ।संस्था के अध्यक्ष जेसी गौरव जालान ने बताया कि संस्था के सदस्यों के बीच होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता जे पी एल 11 का पहला सेमीफाइनल मैच अमर नमकीन एवं चौधरी एकादश के बीच खेला गया इस मुकाबले में अमर नमकीन की 6 विकेट से जीत हुई जिसके मैन ऑफ द मैच सागर रामवानी रहे दुसरा मैच मां अम्बे एकादश एवं जगदीश गारमेंट के बिच खेला गया ।जिसमें मां अम्बे एकादश 7 विकेट से विजयी हुई जिसके मैन ऑफ द मैच संदीप अग्रवाल रहे ।उक्त रोमांचक मुकाबलो को देखने के लिए एवं आनन्द उठाने के लिए संस्था के जेसी गौरव जिंदल, जेसी विवेक अग्रवाल, जेसी संकेत अग्रवाल,जेसी मयंक मित्तल,जेसी आयुष गर्ग, जेसी आकाश अग्रवाल, जेसी सौरभ अग्रवाल, जेसी सौरभ जालान, जेसी अभिषेक सिंघानिया,जेसी आकाश गर्ग, जेसी सलिल श्रीवास्तव,जेसी निशांत अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# साधन सहकारी समिति केकराही में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। साधन सहकारी समिति केकराही पर शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह को सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने गोपनीयता की शपथ दिलाई ततपश्चात अध्यक्ष श्री सिंह ने अन्य सदस्यों को एक साथ पद गोपनीयता की शपथ दिलाई।इस अवसर पर सचिव द्वारा बैठक हुई चर्चा व कार्यवाही को पढ़ कर सभी को सुनाया गया। इस दौरान संयोजक राजेश कुमार मिश्र सचिव से कहा कि पूर्व में हुए कार्यों का विवरण प्रस्तुत करने की बात कही ताकि समयानुसार कार्य पूर्ण कर दिया जा सके।अब नये पद्वति से किसानों के हितार्थ कार्य किया जाय। अध्यक्ष सुधीर



कुमार सिंह ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर हर समय त्वरित निदान के लिए हर संभव मदद करेंगे उपस्थित सभी डेलिकेट ने अध्यक्ष का माल्यार्पण व अंगवस्त्र कर स्वागत किया।तत्पश्चात अध्यक्ष ने सभी का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया ।वही नवनिर्वाचित श्री सिंह कहा कि हर हाल में किसानों के हितों की रक्षा की जाएगी और किसानों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।गेंहू खरीद के लिए गोदाम पर आये सभी किसानों को पीने के पानी की उचित ब्यवस्था होगी।किसान के बैठने अनाज रखने की भी उचित ब्यवस्था रहेगी।नवनिर्माण भवन कार्य को सीघ्र पूर्ण करने की चेतावनी सम्बंधित ठीकेदार को दी।पुराने जर्जर हालत में पड़े मकान के लिए प्रारूप समिति द्वारा तैयार किया गया।चहारदीवारी के लिए प्रपोजल संरक्षक राजेश मिश्र द्वारा रखा गया। जिसमें सभी सदस्यों ने हर्षित ध्वनि से प्रस्ताव पास हुआ।इस अवसर पर सुधीर कुमार सिंह अध्यक्ष के साथ शिवकुमारी उपाध्यक्ष, संचालकों में रामचन्द्र प्रजापति, अभिषेक सिंह, सूर्यनारायण, हीरावती रामबृक्ष, विपिन कुमार मिश्र, राजेश कुमार मिश्र, लालबहादुर सिंह उपस्थित रहे।

# नगर निकाय चुनाव में एसोसिएशन चलाएगा अभियान : पवन कुमार सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन की एक बैठक, अधिवक्ता भवन, तहसील प्रांगण, रावटसगंज सोनभद्र में दिन के 11.00 बजे अध्यक्ष संदीप जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें आगामी नगर निकाय चुनाव ने जागरूकता एवं अन्य विषय पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर एसोसिऐशन के राष्ट्रीय संयोजक एड पवन कुमार सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनाव पांच सालों के बाद ही आते हैं। इन चुनावों का मकसद हम अपने शहर के लिए अच्छे प्रतिनिधियों का चयन करना होता है ताकि निकाय में अच्छी सरकार का गठन किया जा सके। भारत में लोकतंत्र है इस लोकतंत्र में मतदान से हमें सरकार चुनने का मौका मिला है। लोगों को यह मौका बड़ी मुश्किलों के बाद



मिला है। इसलिए चुनाव में हर मतदाता को अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। मतदान में हर मतदाता को हर हाल में सभी को भाग लेना चाहिए। मतदान बहुत ही गंभीर विषय है। मतदाताओं को पूरी सोच विचार के बाद ही किसी प्रत्याशी को वोट देना चाहिए डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के पूर्व महामंत्री सुरेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट ने कहा कि नगर की बागडोर साफ छवि, शिक्षित व ईमानदार व्यक्ति के हाथ में होनी चाहिए, जो व्यक्ति नगर में शांति व सुरक्षा कायम करवा सके और हर नागरिक का सम्मान करते हुए उनकी समस्या को गंभीरता से विचार कर सकता है ऐसे प्रतिनिधि का जनता चयन करे। प्रदेश प्रवक्ता काकू सिंह का कहना है कि जो प्रत्याशी जनता से भेदभाव को खत्म कर विकास करवाने की सोच रखता हो, वहीं प्रत्याशी नगर निकाय का उम्मीदवार बनने के योग्य है। नगर में कुछ असामाजिक तत्व ऊंच–नीच व जातिवाद का जहर घोलकर जनता का बंटवारा करते हैं। ऐसे लोगों से मतदाताओं को सचेत रहने की जरूरत है। संचालन डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर अशोक कुमार कनौजिया, सत्यम शुक्ला, अतुल कनौजिया, गुलाम कादिर खान, नवीन कुमार पांडेय, अनिल कुमार सिंह रामगोपाल दूबे, दीपक जायसवाल, ललित चौबे, दीप नारायण पटेल, अशोक सिंह आदि लोग थे।

# अज्ञात कारणों से फसल में लगी आग

दैनिक बुघ्द्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। अज्ञात कारणों से लगी आग से 15



किसानों का आधा सैकड़ा गेहूं ,गन्ना की फसल जलकर राख अन्नदाताओं को पड़े खाने के लाले। बुधवार को अपराह्न ग्राम पंचायत रहमतपुर मे गेहूं व गन्ना की अज्ञात कारण से फसल आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने किसान राम जनक तीन बीघा, रमजान अली का दो वीघा चार वीघा गन्ना, भवानी प्रसाद चार वीघा गन्ना ,चन्द्रमती छरूवीघा गन्ना, शिव नरायन तिवारी चार वीघा गन्ना, विष्णु तिवारी चार वीघा गेहूं व तीन वीघा गन्ना ,ब्राम्हा प्रसाद दो वीघा गन्ना ,दो वीघा गेहूं ,रव्वाब अली दो वीघा गेहूं ,राम चन्दर दो वीघा गेहूं, राम सेवक एक वीघा गन्ना ,ओमप्रकाश एक वीघा गेहूं ,दूखेश्वर प्रसाद तीन वीघा गन्ना ,मो इब्राहीम एक बीघा गेहूं ,शिव कुमार तिवारी तीन वीघा गन्ना व राम अजोर तिवारी दो वीघा गन्ना के खेत अगोश मे ले लिया । खेत मे भीषण आग फैलते ही चीख पुकार मच गई जो जिस हाल में था ,आग बुझाने के लिए पानी लेकर खेत की तरफ दौड़ पड़ा। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस बल पहुची। पुलिस ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। हल्का लेखपाल आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि गेहूं व गन्ना फसल की क्षति का आकलन कर लिया गया रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का 13 मई होगा आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 मई,2023 द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सम्पूर्ण भारत वर्ष में किया जायेगा, इस आदेश के अनुपालन में एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष जिला विधिक प्राधिकरण के विश्राम कक्ष में बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्ष अशोक यादव–प्रथम द्वारा नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत निहारिका चौहान एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र को निर्देशित किया गया कि वे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए कार्य योजना तैयार करें, विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि इस कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए इलेक्ट्रानिक्स एवं प्रिन्ट मीडिया के साथ–साथ सोशल मीडिया एवं अन्य प्रभावी माध्यमों की सहायता लें। प्रचार–प्रसार के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मानकों के अनुरूप जनपद के समस्त सार्वजनिक स्थानों पर बैनर, पोस्टर एवं पम्पलेट से प्रचार–प्रसार कराया जाये। उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि समस्त न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों सरकारी विभागों–अनुभागों, बैंकों एवं बीमा कम्पनियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि से अवगत कराते हुए इस राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिकाधिक उपयुक्त मामलों को चिन्हित कराकर सूचना, डी0एल0एस0ए0 कार्यालय में मंगायी जावे। पूर्व की व्यवस्था के अनुसार पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों, न्यायिक अधिकारियों अन्य विभागों के पदाधिकारियों आदि से बैठक कर दिशा–निर्देश निर्गत किया जावे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र को निर्देशित किया गया कि एम0ए0सी0टी0 एवं कुटुम्ब न्यायालय के सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि से अवगत कराते हुए उनसे उपयुक्त प्रकरणों को चिन्हित करने एवं लोक अदालत के पूर्व बीमा कर्मियोंध वादकारियों से सुलह समझौता सम्बन्धी वार्ता के लिए बैठक की तिथि प्राप्त कर तदानुसार कार्यवाही करें। मा0 अध्यक्ष द्वारा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि से अवगत कराने का निर्देश दिया गया ताकि वे अपने–अपने विभागों के नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत एवं अधीनस्थों को समय से समुचित उपक्रम करने का निर्देश दें। बैठक में यह निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में न्यायिक अधिकारीगण की बैठक इस माह के मासिक बैठक के साथ आयोजित की जायेगी।

# पुलिस ने हत्या में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक (मु0) सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी घोरावल के कुशल पर्यवेक्षण व नेतृत्व में 5 मार्च को थाना घोरावल पुलिस द्वारा थाना घोरावल पर पंजीकृत मु0अं0सं0–54ध2023 धारा–364, 302, 201, 34, 120 बी भादवि व 3 (2) (ट) एससीध्एसटी एक्ट मे वांछित अभियुक्त संदीप कुमार अग्रहरि उर्फ मिट्टू पुत्र स्व0 दीनानाथ अग्रहरि, निवासी वार्ड नं0–01, कस्बा व थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र को ग्राम जुड़िया चौराहे से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# क्यू0आर0टी की संयुक्त टीम ने जंगलों में की सघन काम्बिंग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम



रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से 5 अप्रैल को 'प्रभारी निरीक्षक पन्नूगंज मनोज कुमार ठाकुर द्वारा मय पुलिस एवं जोन वाराणसी की क्यू.आर.टी. टीम' के साथ थाना पन्नूगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिलहट तथा कूदर के जंगलों में सघन काम्बिंग की गयी। इस दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु बताया गया।

# आई0ए0एस0 नोडल अधिकारी का सोनभद्र में आगमन आज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विशेष सचिव, रेशम विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सुनील कुमार वर्मा आई0ए0एस0 नोडल अधिकारी का जनपद सोनभद्र में भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है, नोडल अधिकारी महोदय दिनांक 06.04.2023 को गोवंश संरक्षण से सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगें, बैठक के पश्चात नोडल अधिकारी स्थलीय निरीक्षण भी करेंगें।

# गुण्डा एक्ट के तहत व्यक्ति को 6 महिने के लिये किया जिलाबदर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अपर जिला मजिस्ट्रेट सहदेव कुमार मिश्र ने जिले के अमन व चौन कायम रखने के लिए जिले के एक व्यक्ति को गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही कर 6 महीने के लिए जिला बदर कर दिया है। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के थाना–कोन क्षेत्र के कुड़वा निवासी शुभम उर्फ चन्द्र यादव पुत्र अरूण यादव को 6 महीने के लिए जिला बदर किया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि अवांछनीय कार्य करने और गुण्डा होने की जानकारी मिलने पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही जारी रहेगी।

# भाजपा का मनाया जायेगा 43वां स्थापना दिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी का 43 वां स्थापना दिवस 6 मार्च को हर्षोल्लास व उत्साह पूर्वक मनाया जायेगा भाजपा जिला कार्यालय को सजाया जायेगा साथ ही जनपद के सभी 21 मण्डल में व 1511 बूथ पर भाजपा का झण्डा मण्डल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष लगाये इस कार्यक्रम मे जनपद के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ पदाधिकारी मण्डल पदाधिकारी व बूथ स्तर के कार्यकर्ता अपने अपने मण्डल व बूथ पर कार्यक्रम में सहभाग करेंग। इस आशय की जानकारी जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

# अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन



दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा,सोनभद्र। स्थानीय ब्लाक के राजस्व ग्राम बेलाही में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तेजस्वी संगठन न्यास द्वारा स्थापित तेजस्वी मंदिर निर्माण समिति द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन मंगलवार को तेजस्वी मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष संतोष पांडे जी के द्वारा किया जा रहा है, तेजस्वी निर्माण समिति के प्रबंधक इंदिरा चरण पांडे ने बताया गया कि पिछले वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के दिन श्री हनुमान जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ था, इस वर्ष श्री हनुमान भगवान जी का अवतार दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है, आने वाले प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव यहां हनुमान मंदिर पर बहुत ही धूमधाम से मनाये जाने का निर्णय लिया गया है, कार्यक्रम में ग्रामवासी, क्षेत्रवासी सम्मिलित रहे हैं, तेजस्वी संगठन न्यास के संस्थापक ई. प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि तेजस्वी संगठन न्यास द्वारा पिछले वर्ष हनुमान मंदिर का नवनिर्माण व जीर्णोद्धार कराया गया था और प्रयागराज कुम्भ मेले में शिविर का आयोजन करते हुए श्री लक्ष्मी नारायण महा ज्ञानयज्ञ का अनुष्ठान कराया गया था। इस वर्ष भी मंदिर निर्माण व जीर्णोद्धार एवं महायज्ञ अनुष्ठान कराया जाएगा। न्यास द्वारा सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में कार्य किया जायेग। इस कार्यक्रम के आचार्य पंडित रमाशंकर मिश्र व मुख्य यजमान संतोष प्रसाद पाण्डेय, प्रबंधक इंदिरा चरण पाण्डेय, सुदामा दुबे, पन्ना लाल, दिनेश प्रसाद, कथा वाचक एवं साजसज्जा टीम कृष्ण मुरारी दुबे, हंस राज शर्मा, उमाशंकर पाण्डेय, शशिभूषण पाण्डेय, संजय कुमार दुबे, कामेश्वर शुक्ल, शिवपूजन गुप्ता, अनिल कुमार दुबे, अमरेश कुमार दुबे, वाद्ययंत्र बाजक संजीव कुमार, श्लोक इत्यादि उपस्थित रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# गार्डनिंग भी है स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद, मिल सकते हैं ये 5 लाभ



कई लोगों को गार्डनिंग करने का बड़ा शौक होता है। इससे घर और बगीचे की खूबसूरती में तो चार चांद लगते ही हैं, साथ ही यह आपके स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। गार्डनिंग करने से आप एक तरह से प्रकृति से जुड़े रहते हैं। इससे आप कई बीमारियों से बचे रहते हैं और तनाव मुक्त महसूस कर पाते हैं। आइए आज हम आपको गार्डनिंग करने से होने वाले 5 प्रमुख स्वास्थ्य लाभ बताते हैं।

तनाव कम करने में है मददगारः गार्डनिंग करने में आपका तनाव काफी हद तक कम हो सकता है। दरअसल, यह आपको रोजमर्रा के तनाव से दूर रहने और वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करने पर मदद करता है। प्रकृति की सुंदरता और शांति से आपके दिमाग पर सकारात्मक और सुखदायक प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा इससे मनोदशा में सुधार करने में भी मदद मिलती है। शुरुआती लोग गार्डनिंग करने के लिए इन टिप्स को अपना सकते हैं।

सदमे से उभरने में है सहायकः ऐसे व्यक्ति जो सदमे में होते हैं या बहुत ज्यादा दुखी होते हैं और खुद को कमजोर तथा नियंत्रण से बाहर महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति से बाहर निकलने में गार्डनिंग काफी मददगार है। दरअसल, गार्डनिंग करने से व्यक्ति पूरी तरह से वर्तमान में मौजूद रहता है और ज्यादातर समय प्रकृति से जुड़ा हुआ रहता है। इससे उनके मन को शांति और आराम मिलता है। जिससे उन्हें सदमे से उभरने में मदद मिल सकती है।

दिनचर्या में शारीरिक गतिविधियां भी करता है शामिल

गार्डनिंग में खुदाई, रोपण, निराई और पानी देने सहित कई शारीरिक काम शामिल होते हैं। इन अभ्यासों को करने के लिए शारीरिक प्रयास की आवश्यकता होती है। इस कारण गतिहीन जीवनशैली को ठीक करने के लिए दिनचर्या में शारीरिक गतिविधि को शामिल करने का यह एक बढिया तरीका है। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और हृदय रोग के जोखिम को कम करने में भी मदद कर सकती है।

शरीर को मिलता है विटामिन– डी

गार्डनिंग से शरीर को अच्छी धूप और विटामिन– डी मिलता है। विटामिन– डी हड्डियों के स्वास्थ्य, प्रतिरक्षात्मक कार्य और सामान्य स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इसके अलावा विटामिन– डी कैल्शियम के अवशोषण में भी मदद करता है, जो स्वस्थ हड्डियों के निर्माण और देखभाल दोनों के लिए जरूरी है। इस कारण मजूबत रहने के लिए गार्डनिंग एक शानदार तरीका है। इसके अलावा आप गार्डनिंग के जरिए बेहतर ऑक्सीजन भी प्राप्त कर सकते हैं।

नींद की गुणवत्ता में करता है सुधारः बाहर समय बिताने और शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से नींद की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है। दरअसल, प्राकृतिक रोशनी और ताजा हवा के संपर्क में आने से शरीर के सोने–जागने के चक्र को नियमित करने और बेहतद नींद को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा प्रकृति के बीच समय बिताने से तनाव कम करने में मदद मिलती है, जिससे रात को अच्छी नींद लेना आसान हो जाता है।

## थाई हाई स्लिट आउटफिट में तेजस्वी प्रकाश ने गिराई हुस्न की बिजलियां, फोटो ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें

एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस से फैंस के दिलों को बेकरार करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस



तेजस्वी प्रकाश ने थाई हाई स्लिट में अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट की है। एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने येलो कलर की थाई हाई स्लिट आउटफिट में अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से सोशल मीडिया पर ध मिाल मचा रही हैं। तेजस्वी प्रकाश ने ओपन हेयर स्टाइल के साथ लाइट मेकअप में बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ब्लू कलर के इयरिंग्स के साथ हाथों में भी रिंग्स और छल्ले पहने नजर आ रही हैं। लॉन्ग गाउन में एक्ट्रेस अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। इन तस्वीरों में तेजस्वी बेहद ही स्टनिंग पोज देती नजर आ रही हैं। वहीं, एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने अपनी कातिलाना अदाओं से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने बेहद ही स्टाइलिश अंदाज में कई फोटोशूट करवाए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। तेजस्वी प्रकाश की हॉटनेस और ग्लैमर से पानी में आग लगाने का काम कर रही हैं। तेजस्वी प्रकाश एक्टर करण कुंद्रा के साथ रिलेशनशिप को लेकर काफी चर्चाओं में रहती हैं। तेजस्वी के फैन फॉलोइंग की बात करें तो उनके इंस्टाग्राम पर 6.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

## सामंथा ने नागा चौतन्य और शोभिता धुलिपाला के डेटिंग अफवाहों पर टिप्पणी करने से इनकार किया

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपने पूर्व पति नागा चौतन्य और अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला की डेटिंग की अफवाहों के बारे में बात



करने से इनकार किया है। सामंथा ने कथित तौर पर एक रेस्तरां में दोनों की एक पुरानी तस्वीर ऑनलाइन वायरल होने के बाद चौतन्य और सोभिता के बारे में टिप्पणी की थी। वायरल तस्वीर में चौतन्य बावर्ची के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं, जबकि शोभिता उनके पीछे एक टेबल पर बैठी नजर आ रही हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि समांथा ने अपने पूर्व पति के अभिनेत्री को डेट करने की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी थी। समांथा ने ट्विटर के माध्यम से इन खबरों को खारिज किया और लिखा कि मैंने ऐसा कभी नहीं कहा! अभिनेत्री ने अक्टूबर 2017 में चौतन्य के साथ शादी की। हालांकि, 2021 में दोनों ने अलग होने की घोषणा की। काम के मोर्चे पर, सामंथा अगली बार सिटाडेल के भारतीय रूपांतरण में दिखाई देंगी

## काजोल ने बेटी न्यासा देवगन की खूबसूरत तस्वीरें की पोस्ट




बॉलीवुड स्टार काजोल ने नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी) में शामिल होने से पहले अपनी बेटी न्यासा देवगन की कई तस्वीरें शेयर की। काजोल द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गए पहले तस्वीर में न्यासा सिल्वर कलर के आउटफिट में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं, जिसे उन्होंने लॉन्च के दौरान पहना था। इसके बाद की फोटो में वह एक्ट्रेस के साथ पोज हुई नजर आ रही हैं और आखिरी फोटो में दोनों हंसते हुए नजर आ रहे हैं। एनएमएसीसी लॉन्च में शोबिज की दुनिया के जाने–माने लोगों ने शिरकत की। इनमें गिगी हदीद, टॉम हॉलैंड, जेंडाया, पेनेलोप क्रूज, कार्ली क्लॉस, सलमान खान, आलिया भट्ट और वैश्विक आइकन प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस, करीना कपूर और सैफ अली खान शामिल हैं।



## स्किन को भारी हानि पहुंचा सकते है डियोड्रेंट, खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान

डियोड्रेंट लगाना हर किसी को पसंद होता है, इससे आपके शरीर से बदबू नहीं आती और दिनभर महकते रहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं डियोड्रेंट के कितने नुकसान होते हैं। आपको बता दें,डिओड्रेंट खरीदते समय कुछ सावधानियों का रखना आवश्यक होता है। अगर ये सावधानिया ना रखी जाये तो आपकी स्किन पर एलर्जी या रैशेज की परेशानी भी हो जाती हैं। डीओ से आपकी स्किन में कई तरह की परेशानी होने लगती है जिससे आपकी स्किन खराब हो जाती है। अक्सर गर्मी के मोसम में आप इसका इस्तेमाल करते हैं लेकिन ध्यान दें कुछ इन बातों पर जिन्हें हम बताने जा रहे हैं।

इन बातों का रखें ध्यानरू

1 डियोड्रेंट लगाने के बाद स्किन में एलर्जी, जलन, रैशेज जैसी समस्या हो रही है तो उस डियोड्रेंट का इस्तेमाल फौरन बंद कर दें।

2 अगर आपकी स्किन सेंसिटिव स्किन है तो वैक्सिंग और शेविंग करते समय डियोड्रेंट का इस्तेमाल ना करे। इसके अलावा अगर आपके अंडरआर्म में किसी तरह की एलर्जी हो तो भी डियोड्रेंट का इस्तेमाल ना करें।

3 डियोड्रेंट आपकी बॉडी से बैक्टीरिया खत्म करके बदबू को दूर करता हो, पर ये भी तभी काम करता है जब जब आपकी बॉडी पूरी तरह से क्लीन रहती है। इसलिए आप हमेशा नहाने के बाद ही डियोड्रेंट का इस्तेमाल करें।

4 हमेशा अपनी स्किन के अनुसार ही डियोड्रेंट का चुनाव करे। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव हैं तो आपके लिए माइल्ड फ्रेग्नेंस वाले डिओड्रेंट का इस्तेमाल बेस्ट रहेगा। इसके अलावा अगर आपके अंडरआर्म की त्वचा रूखी हैं तो आप मॉइश्चराइजर बेस्ड डियो का इस्तेमाल कर सकती हैं।

